Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 74 | गुरुवार, 19 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इंदौर में 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत, ईवी चार्जिंग के दौरान घर में लगी आग



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इंदौर के बृजेश्वरी एनेक्स रिहायशी इलाके में एक घर में आग लग गई। इस घटना में आठ लोगों (पहले ये संख्या 7 बताई जा रही थी) की जान चली गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक बच्चे का शव भी निकाला गया है। इस मामले को लेकर इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया, 'शुरूआती जांच के मुताबिक, घर के बाहर एक इलेक्ट्रिक गाड़ी चार्ज हो रही थी और चार्जिंग पॉइंट में धमाका हो गया। इसके बाद आग गाड़ी से घर तक फैल गई। घर के अंदर 10 से ज्यादा गैस सिलेंडर भी रखे थे, जिनमें से कुछ में धमाका हो गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है।

तीन लोगों को बचा लिया गया है। यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का कारोबार करते थे। घर में कुछ ऐसे केमिकल भी रखे थे जो ज्वलनशील थे।'पड़ोसियों ने बताया कि जब सुबह चीख-पुकार मची तो वे बाहर निकले, देखा तो मकान में आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी। पड़ोसी इस दौरान बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन आग तब तक पूरे घर में फैल चुकी थी। इस घटना के बाद कॉलोनी में शोक का माहौल है। घर में लगी आग से आठ लोग जिंदा जल गए।

## राज्यसभा सांसदों की विदाई पर बोले पीएम मोदी, राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा के सेवानिवृत्त सदस्यों के योगदान की तारीफ करते हुए संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में उनकी भूमिका की सराहना की। विदाई सत्र के दौरान बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्च सदन एक सतत संस्था है जहां अनुभव और ज्ञान अमूल्य हैं। सदस्यों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में कोई विराम नहीं है। इस बात पर जोर देते हुए कि लोक सेवा का सफर औपचारिक कार्यकाल के बाद भी जारी रहता है। उन्होंने अनुभवी नेताओं से सीखने के महत्व पर भी बल दिया और कहा कि युवा सदस्यों को अनुभवी सांसदों से प्रेरणा और मार्गदर्शन लेना चाहिए। मोदी ने कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चचाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से दलगत भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक समान भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां से जो साथी विदाई ले रहे हैं, उनमें से कुछ फिर से आने के लिए विदाई ले रहे हैं और कुछ विदाई के बाद यहां का अनुभव लेकर सामाजिक जीवन में कुछ न कुछ विशेष योगदान के लिए जा रहे हैं। जो जा रहे हैं, लेकिन आने वाले नहीं हैं, उनको भी मैं कहना चाहूंगा कि राजनीति में कोई फुलस्टॉप नहीं होता है, भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है और आपका अनुभव, आपका योगदान राष्ट्र जीवन में हमेशा बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदन से आज जो भी हमारे सदस्य विदाई ले रहे हैं, उनमें से कुछ सदस्य ऐसे हैं, जिनका शायद उस समय जाने का कार्यकाल आएगा, जब सदन नहीं चल रहा होगा। कुछ ऐसे हैं, जिन्हेंalreÔdy सदन के दौरान ही विदाई मिल रही है। उन्होंने कहा कि मैं जरूर कहूंगा कि आदरणीय देवेगौड़ा जी, आदरणीय खड़गे जी, आदरणीय शरद पवार जी ऐसे वरिष्ठ लोग हैं, जिनके जीवन की आधे से अधिक उम्र संसदीय कार्यप्रणाली में गई है और इतने लंबे अनुभव के बाद भी सभी नए सांसदों को इनसे सीखना चाहिए कि समर्पित भाव से सदन में आना, जो उनसे बन सकता है, उतना योगदान करना। यानी समाज में से जो जिम्मेदारी मिली है, उसके प्रति पूरी तरह समर्पित रहना। ये इन सब वरिष्ठ लोगों से हम जैसे सबको सीखना चाहिए। मैं उनके योगदान की भूरि-भूरि सराहना करूंगा। मोगी ने कहा कि उसी प्रकार से हमारे उप सभापति हरिवंश जी विदाई ले रहे हैं। हरिवंश जी को लंबे समय तक इस सदन में अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिला है। ये बहुत ही मृदुभाषी हैं और सदन को चलाने में सबका विश्वास जीतने का इन्होंने निरंतर प्रयास किया है। इस सदन में से हर 2 साल के अंतराल के बाद एक बड़ा समूह हमारे बीच से जाता है। लेकिन ये ऐसी व्यवस्था है कि जो नया समूह आता है, उनको 4 साल से यहां बैठे साथियों से कुछ न कुछ सीखने का अवसर मिलता है। इसलिए एक प्रकार से यहां की विरासत एक प्रक्रिया जारी रहती है। मुझे विश्वास है कि जिनको इस बार जाना नहीं हैं, आने वाले नए सांसदों को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और उनका योगदान भी सदन को और समृद्ध करेगा।

## पर्यटक बनकर आये 1 अमेरिकी और 6 यूक्रेनी आतंकी निकले: मिजोरम से म्यांमार तक चल रहा था खतरनाक खेल

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** भारत की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक चौंकाने वाली साजिश का पदार्फाश हुआ है, जिसने न केवल देश की सीमाओं बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा की गई कार्रवाई में छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने, मिजोरम के प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध प्रवेश करने, म्यांमार सीमा पार कर वहां विद्रोही गुटों को प्रशिक्षण देने और यूरोप से ड्रोन की आपूर्ति कराने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला साधारण गिरफ्तारी नहीं है, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क के उजागर होने का संकेत देता है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह पूरा गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था और इसका उद्देश्य भारत की आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करना था। गिरफ्तार आरोपियों में अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरन वैन डाइक को इस नेटवर्क का सरगना बताया जा रहा है, जबकि छह यूक्रेनी नागरिक उसके सहयोगी के रूप में काम कर रहे थे। जांच में सामने आया है कि ये सभी लोग पर्यटक वीजा पर भारत आये थे, लेकिन असली मकसद कुछ और ही था। ये लोग पहले गुवाहाटी पहुंचे और वहां से बिना आवश्यक अनुमति लिये मिजोरम के प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश कर गये। इसके बाद इन्होंने अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार की और वहां सक्रिय जातीय सशस्त्र समूहों के साथ संपर्क स्थापित किया। सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इन विदेशी नागरिकों ने म्यांमार के विद्रोही गुटों को ड्रोन युद्ध की उन्नत तकनीक सिखाई। जांच एजेंसी का दावा है कि ये गुट भारत के भीतर सक्रिय कुछ प्रतिबंधित संगठनों को भी समर्थन देते रहे हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण सीधे तौर पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता था। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने यूरोप से कई बार ड्रोन की खेप मंगाकर मिजोरम के रास्ते म्यांमार पहुंचाई। इन ड्रोन का उपयोग निगरानी, हमले और तकनीकी जासूसी के लिये किया जा सकता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं था, बल्कि हथियार और तकनीक की आपूर्ति का भी बड़ा माध्यम बन चुका था। गिरफ्तारी की कहानी भी बेहद दिलचस्प है। तीन यूक्रेनी नागरिकों को लखनऊ हवाई अड्डे से उस समय पकड़ा गया जब वह देश छोड़ने की तैयारी में थे। वहीं तीन अन्य को दिल्ली हवाई अड्डे से और अमेरिकी नागरिक को कोलकाता में रोका गया। सभी को बाद में दिल्ली लाकर अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें पूछताछ के लिये हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि ये आरोपी एके-47 जैसे घातक हथियारों से लैस संदिग्ध लोगों के संपर्क में थे। इससे यह संकेत मिलता है कि यह केवल प्रशिक्षण मिशन नहीं बल्कि एक बड़े आतंकी गठजोड़ का हिस्सा था।

## चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रद्युत बोरदोलोई हुए बीजेपी में शामिल

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**असम।** असम के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। विपक्षी कांग्रेस को करारा झटका देते हुए, प्रद्युत बोरदोलोई ने राज्य में विधानसभा चुनाव से महज 20 दिन पहले मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने पर सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा कि इसका कोई एक कारण नहीं है। मुझे घुटन महसूस हो रही थी और मेरा अपमान हो रहा था।

बोरदोलोई ने कहा कि 13 मार्च को असम केंद्रीय चुनाव आयोग की बैठक हुई। मुझे पता चला कि इमरान मसूद जैसे सांप्रदायिक नेता ने कहा कि जिस उम्मीदवार के खिलाफ मैंने आपराधिक सांठगांठ के सबूत दिए थे, उसके बारे में मैं जो कुछ भी कह रहा था, वह सब झूठ और मनगढ़ंत था।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में इमरान मसूद ने यह कहने की धृष्टता की कि प्रद्युत बोरदोलोई ने जो कुछ भी कहा वह सब मनगढ़ंत था। वहां मौजूद एपीसीसी अध्यक्ष चुप रहे। इससे मुझे बहुत आहत हुआ।

इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि नागांव से मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हो गए हैं...कांग्रेस पार्टी के साथ उनका रिश्ता 1975 से है; भाजपा में उनके शामिल होने से भाजपा मजबूत होगी। हम सभी उनका पार्टी में स्वागत करते हैं।

# सीरीज- बैंकों की 'रिश्वतखोरी' और 'ताजा लूट'

## सरकारी बैंकों में 'साहब' की सनक, प्राइवेट में 'सलाम', आखिर जनता कब तक खाएगी धक्के?

## खबर के असर की शुरूआत, पाठकों का शुक्रिया!



**प्रवीण सिंह कुशवाहा**
विशेष संवाददाता

### सरकारी VS प्राइवेट

| मानक | सरकारी बैंक | प्राइवेट बैंक |
|---|---|---|
| कैश विड्रॉल | 5 लाख पर भी सवाल-जवाब और घंटों इंतजार। | मिनटों में ट्रांजैक्शन और बेहतर व्यवहार |
| MSME लोन | सरकारी योजना के बावजूद 2-3% की 'अघोषित रिश्वत'। | सीधी बात, तेज प्रोसेसिंग और घर पर सर्विस। |
| ऑडिटिंग | खास फर्मों को बुलाकर घोटाले छिपाने का खेल। | सख्त इंटरनल ऑडिट और जवाबदेही। |
| व्यवहार | 'साहब' का रवैया, ग्राहक को भिखारी समझना। | ग्राहक को 'भगवान' मानकर 'डोर-स्टेप' बैंकिंग। |









**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कल प्रकाशित हमारी पहली रिपोर्ट 'बैंकों की रिश्वतखोरी' के बाद पूरे प्रदेश के व्यापारिक जगत में हड़कंप है, हमारे पास सैकड़ों व्यापारियों के फोन और ईमेल आए हैं, जिन्होंने अपनी पीड़ा साझा की है, आपकी इस ताकत ने भ्रष्ट सिस्टम की चूलें हिला दी हैं, हम वादा करते हैं कि अगले 6 दिनों तक बैंकों के हर 'काले कारनामे' की परतें खोलेंगे।

### खबर के मुख्य बिंदु

- **NPA का खेल- अपने चहेते चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (CAs) को बुलाकर बैंक मैनेजर डूबते खातों को भी 'स्टैंडर्ड' दिखाते हैं।**
- **MSME की मौत- छोटे उद्योग लोन न मिलने के कारण दम तोड़ रहे हैं, जबकि सरकार का दावा 1 ट्रिलियन इकोनॉमी का है।**
- **भ्रष्टाचार का सॉफ्टवेयर- PNB के सॉफ्टवेयर बेस्ड अलॉटमेंट मॉडल को क्यों बंद किया गया? क्या पारदर्शिता से डर लगता है?**

> सरकारी बैंक में लोन मांगना किसी अपराध की तरह देखा जाता है। मैनेजर फाइल देखते ही ऐसे घूरता है जैसे हम बैंक लूटने आए हों। वहीं प्राइवेट बैंक वाले खुद कॉल करके सुविधाएं देते हैं। आखिर सरकारी बैंक जनता के पैसे पर पलकर जनता को ही क्यों सता रहे हैं?
>
> पीड़ित व्यापारी

### सरकारी बैंकों का 'टेक्नोलॉजी' वाला ढोंग, अपडेटेड सॉफ्टवेयर, लेकिन सोच वही 'बाबू' वाली

कहने को सरकारी बैंकों ने अपनी तकनीक अपडेट कर ली है, मोबाइल ऐप से लेकर नेट बैंकिंग तक सब कुछ मौजूद है, लेकिन जब बात काम करने की आती है, तो ये बैंक 19वीं सदी के 'बाबू कल्चर' में लौट जाते हैं।

***अंतर समझिए-*** एक तरफ प्राइवेट बैंक हैं जो 50 हजार के लोन के लिए भी आपके घर या दुकान पर आकर सेवा देते हैं। वहीं, सरकारी बैंक में अपना ही 5 लाख रुपये का कैश निकालने के लिए ग्राहक को 'साहब' के मूड और कैश की कमी का बहाना झेलना पड़ता है, लाइन में खड़ा करना और बेइज्जत करना जैसे सरकारी बैंकों का जन्मसिद्ध अधिकार बन गया है।

### कोलेटरल फ्री लोन का 'जुमला', योजना सरकार की, अड़ंगे बैंक के

केंद्र और योगी सरकार चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि टरटए के लिए 'कोलेटरल फ्री' यानी बिना गारंटी लोन उपलब्ध है। योजनाएं कागजों पर शानदार हैं, लेकिन सरकारी बैंक के मैनेजर की मेज तक पहुँचते ही ये 'जीरो गारंटी' वाली बात 'भारी कमीशन' में बदल जाती है।

***हकीकत-*** जरूरतमंद MSME उद्यमियों को लोन के लिए चप्पलें घिसनी पड़ती हैं। महीनों तक फाइलें 'क्वेरी' के नाम पर दबा दी जाती हैं। अंत में हारकर व्यापारी या तो काम बंद कर देता है या फिर प्राइवेट बैंक की शरण में जाता है, जहां ब्याज भले थोड़ा ज्यादा हो, लेकिन कम से कम 'मानसिक प्रताड़ना' नहीं मिलती।

### ऑडिट में 'अपनों' की रेवड़ी, PNB जैसा पारदर्शी सिस्टम क्यों खत्म किया?

बैंकों की सबसे बड़ी धांधली अब 'ऑडिट अलॉटमेंट' में छिपी है, पहले पंजाब नेशनल बैंक जैसे संस्थानों में सॉफ्टवेयर के जरिए रैंडमली ऑडिट फर्म चुनी जाती थी, ताकि पक्षपात न हो। लेकिन अब?

***नया खेल-*** अब बैंक खुद अपनी 'पसंदीदा' और 'खास' फर्मों को ऑडिट के लिए बुलाते हैं।

***मकसद-*** ताकि बैंक का ठढअ यानी डूबा कर्ज छिपाया जा सके और अंदरूनी धांधलियों पर पर्दा पड़ा रहे। जो फर्म मैनेजर की 'जी-हुजूरी' नहीं करती, उसे लिस्ट से बाहर कर दिया जाता है।

यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने जैसा है।

**संपादकीय टिप्पणी- यह सीरीज जारी रहेगी, यदि आपके पास भी किसी बैंक के खिलाफ सबूत या शिकायत है, तो हमें व्हाट्सएप करें।**

## संपादक की कलम से

# नवचेतना, नवऊर्जा, नव उल्लास और नवसंकल्प का पावन आरंभ है नव संवत्सर



ललित शर्मा
संपादक

भारतीय संस्कृति में नव संवत्सर केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि नवचेतना, नवऊर्जा और नवसंकल्प का पावन आरंभ है। यह वह क्षण है जब प्रकृति स्वयं अपने नव रूप में सजी दिखाई देती है और मानव हृदय भी उसी लय में नवीन आशाओं से भर उठता है। वसंत ऋतु के आगमन के साथ जब वृक्षों पर कोमल पत्तियाँ और रंग–बिरंगे पुष्प खिलते हैं, तब नव संवत्सर का संदेश और भी सजीव हो उठता है कि जीवन निरंतर परिवर्तनशील है और हर अंत एक नए आरंभ की ओर संकेत करता है। नव संवत्सर का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत गहरा है। यह दिन ब्रह्मा द्वारा सृष्टि रचना के प्रारंभ का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत का आरंभ होता है, जो भारतीय कालगणना का आधार है। यह समय प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है, जहाँ हम अपने जीवन को प्रकृति के नियमों के अनुरूप ढालने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनमानस में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिलता है। घरों की सफाई, सजावट, रंगोली, दीप प्रज्वलन और पूजा–अर्चना के माध्यम से लोग अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करते हैं। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान होते हैं, भजन–कीर्तन की मधुर ध्वनि वातावरण को आध्यात्मिकता से भर देती है। लोग एक–दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं और आपसी प्रेम, सौहार्द तथा भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। नव संवत्सर आत्ममंथन और आत्मसुधार का भी श्रेष्ठ अवसर है। यह समय हमें अपने पिछले वर्ष के कर्मों का मूल्यांकन करने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। हम यह विचार करते हैं कि हमने कहाँ गलतियाँ कीं और कैसे उन्हें सुधारकर एक बेहतर जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। यह आत्मविश्लेषण हमें आंतरिक रूप से मजबूत बनाता है और हमारे व्यक्तित्व को निखारता है। आध्यात्मिक दृष्टि से नव संवत्सर आत्मा के जागरण का पर्व है। यह हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति और संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। ध्यान, योग और साधना के माध्यम से हम अपने भीतर की शक्ति को पहचान सकते हैं और जीवन में संतुलन स्थापित कर सकते हैं। इस दिन किए गए संकल्प विशेष रूप से प्रभावी माने जाते हैं, क्योंकि यह समय प्रकृति और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के विशेष संयोग का प्रतीक है। भारतीय समाज में नव संवत्सर को विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है, जैसे गुड़ी पड़वा, उगादि, चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ आदि। प्रत्येक परंपरा में मूल भाव एक ही है, नवीनता का स्वागत और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प। यह विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। नव संवत्सर का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी है कि हम अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें। आज के आधुनिक युग में जहाँ भौतिक दौड़–भाग ने जीवन को तनावपूर्ण बना दिया है, वहाँ यह पर्व हमें ठहरकर सोचने और अपने जीवन की दिशा को पुन: निर्धारित करने का अवसर देता है। यह हमें सिखाता है कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष और संतुलन में निहित है। इस पावन अवसर पर हमें पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए। प्रकृति का यह नव रूप हमें प्रेरित करता है कि हम पर्यावरण की रक्षा करें, वृक्षारोपण करें और स्वच्छता बनाए रखें।

## उम्मीदों का चढता परवान

उदय किशोर साह



कविता

जीवन है अनजाना सफर
कठिन है जीवन की डगर
वक्त जाती है अक्सर गुजर
पर रख मंजिल पे ही नजर

रात अमावश सी हो अंधेरी
ना दिखा किसी को कमजोरी
कदम रूके ना कभी तेरी
जब बज जाये युद्ध रणभेरी

तुम्हें ही है जिन्दगी से लड़ना
पथ पे गिरना भी पर उठना
संघर्ष से जीवन में क्या डरना
हौसला की अफजाई करना

सफर हो जाता है तब आसान
उम्मीदों की चढ़ता जब परवान
खुद की हाथों में रख कमान
राह में मिलेगें कई अनजान

कठिन दौर भी राह रोक ना पाये
मंजिल की राह उन्हें दिख जाये
सफलता उनको ही हँसा पाये
विपत्ती में भी जो मुस्कुराये


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रसोई गैस संकट: इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?



निर्मल रानी
लेखिका




अमेरिका,इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ हारमूज में शिपिंग रुक गई है।गौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90% तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ हारमूज जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रुपए तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की कतारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की खबरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की किल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90% होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को खतरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ्राई सामग्री, चाय-कॉफी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हजारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ स्टॉक होने की खबरें आई हैं।

इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोजगारी का खतरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस 'दिव्य ज्ञान ' को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का जिक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि -' एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था।

उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के जरिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे 'सिंपल सी टेक्नोलॉजी' कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया।

बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फामुर्ले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाकायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, 'मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है।'

कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के 'ज्ञान ' से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में 'अनपढ़ राजा' कहकर मोदी का मजाक उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाले की गैस से चाय बनाने' वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस 'गटर गैस' वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और गरीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है। कई जगह तो पुलिस वालों को उन युवकों को रोकते हुये भी देखा गया जो नाले से गैस निकालने का प्रदर्शन करते हुये प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गये इस ' दिव्य ज्ञान ' की खिल्ली उड़ा रहे थे।

सवाल यह है कि कोई साधारण व्यक्ति यदि इस तरह की बातें करे तो उसकी इतनी चर्चा भी न हो परन्तु जब देश के सर्वोच्च पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह का 'ज्ञान' बांटने लगे तो उसका मजाक उड़ाया जाना स्वभाविक है। इसके अलावा भी मोदी इसतरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि तथ्यात्मक व वैज्ञानिक रूप से गलत साबित हुई हैं। बादल में रडार का काम न करने का उनका दावा भी ऐसा ही एक 'दिव्यज्ञान ' था जिसका पूरी दुनिया ने खासकर वैज्ञानिकों ने काफी मजाक उड़ाया था। ऐसे गैरतार्किक व अवैज्ञानिक तर्क देने से पहले किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को यह जरूर सोचना चाहिये कि 'इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये ' ?

# कार्यस्थल, महिला स्वास्थ्य और मासिक धर्म अवकाश



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखक



मासिक धर्म स्त्री जीवन की एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, किंतु लंबे समय तक इसे सामाजिक संकोच, मौन और उपेक्षा के दायरे में रखा गया। आधुनिक समय में जब कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता, समावेशिता और संवेदनशील नीतियों की चर्चा तेज हुई है, तब 'अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश' की अवधारणा भी विमर्श के केंद्र में आई है। कई देशों और संस्थानों ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान विशेष अवकाश देने की नीतियाँ अपनाई हैं, ताकि वे शारीरिक असुविधा और मानसिक तनाव के समय आराम कर सकें। किंतु यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या ऐसी अनिवार्य नीतियाँ वास्तव में कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देती हैं, या फिर अनजाने में रोजगार में लैंगिक भेदभाव को और मजबूत कर देती हैं। इस संदर्भ में इस मुद्दे का आलोचनात्मक विश्लेषण आवश्यक है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि मासिक धर्म के दौरान कई महिलाओं को शारीरिक पीड़ा, थकान, चक्कर, या हार्मोनल परिवर्तन के कारण मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कार्यस्थल पर निरंतर काम करना उनके लिए कठिन हो सकता है। अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश की नीति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करना है। यह नीति इस बात को स्वीकार करती है कि महिलाओं की जैविक आवश्यकताएँ भिन्न होती हैं और उन्हें उसी अनुसार कार्यस्थल पर सहूलियत मिलनी चाहिए। इस दृष्टि से यह नीति लैंगिक संवेदनशीलता का प्रतीक है और महिलाओं के प्रति सहानुभूति और सम्मान को बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश कार्यस्थलों पर लंबे समय से चले आ रहे उस मौन को भी तोड़ने का प्रयास है, जिसमें मासिक धर्म को छिपाने या शर्म की चीज माना जाता था। जब संस्थान औपचारिक रूप से इस विषय को स्वीकार करते हैं, तब यह सामाजिक स्तर पर भी एक सकारात्मक संदेश देता है कि मासिक धर्म कोई कमजोरी नहीं बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इससे महिलाओं को अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने का साहस मिलता है और कार्यस्थल का वातावरण अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ऐसी नीतियाँ कार्यस्थलों पर उत्पादकता को भी अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ा सकती हैं। जब कर्मचारियों को आवश्यकता के समय आराम मिलता है, तो वे स्वस्थ होकर बेहतर तरीके से काम कर पाते हैं।

यदि किसी महिला को मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक दर्द या असुविधा है और फिर भी उसे काम करना पड़ता है, तो उसका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में अल्पकालिक अवकाश उसे शारीरिक और मानसिक रूप से संतुलित करने में सहायक हो सकता है। इस प्रकार, स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील नीतियाँ दीर्घकालिक दृष्टि से संस्थानों के लिए भी लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं। हालाँकि, इस नीति के पक्ष में प्रस्तुत इन तर्कों के साथ-साथ इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को भी गंभीरता से समझना आवश्यक है। कई आलोचकों का मानना है कि अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश नीतियाँ अनजाने में रोजगार में लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा दे सकती हैं। यदि किसी संस्थान को यह लगता है कि महिला कर्मचारियों को हर महीने अतिरिक्त अवकाश देना पड़ेगा, तो वह भर्ती के समय पुरुष उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे सकता है। विशेष रूप से निजी क्षेत्र में, जहाँ उत्पादकता और समय-प्रबंधन को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, वहाँ नियोक्ता महिलाओं को 'अतिरिक्त दायित्व' के रूप में देखने लग सकते हैं।

इस दृष्टिकोण से यह भी कहा जाता है कि अनिवार्य अवकाश की नीति महिलाओं को 'कम सक्षम' या 'कम विश्वसनीय' कर्मचारी के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह धारणा बन सकती है कि महिलाएँ हर महीने कुछ दिनों तक कार्य के लिए अनुपलब्ध रहेंगी, जिससे उनके प्रति नियोक्ताओं का दृष्टिकोण नकारात्मक हो सकता है। परिणामस्वरूप, महिलाओं को उच्च पदों, नेतृत्व की भूमिकाओं या महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अवसर कम मिल सकते हैं। इस प्रकार, जो नीति महिलाओं के हित में बनाई जाती है, वही अनजाने में उनके पेशेवर विकास के रास्ते में बाधा बन सकती है। एक और महत्वपूर्ण आलोचना यह है कि सभी महिलाओं का मासिक धर्म अनुभव समान नहीं होता। कुछ महिलाओं को इस दौरान अत्यधिक पीड़ा होती है, जबकि कई महिलाएँ सामान्य रूप से अपने कार्य कर सकती हैं। यदि अवकाश अनिवार्य बना दिया जाए, तो यह उन महिलाओं के लिए भी लागू होगा जिन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। इससे यह संदेश जा सकता है कि मासिक धर्म के दौरान हर महिला कार्य करने में असमर्थ होती है, जो वास्तविकता से मेल नहीं खाता। इसलिए कई विशेषज्ञ मानते हैं कि 'अनिवार्य' शब्द स्वयं में समस्या पैदा कर सकता है। इसके अलावा, यह भी तर्क दिया जाता है कि यदि कार्यस्थलों पर केवल महिलाओं के लिए विशेष अवकाश की व्यवस्था की जाती है, तो यह समानता के सिद्धांत के साथ विरोधाभास पैदा कर सकती है। लैंगिक समानता का मूल विचार यह है कि सभी कर्मचारियों को समान अवसर और समान सम्मान मिले। यदि किसी एक समूह को विशेषाधिकार दिए जाते हैं, तो दूसरे समूह में असंतोष या असमानता की भावना उत्पन्न हो सकती है। हालांकि यह तर्क पूरी तरह से उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि समानता का अर्थ हमेशा 'समान व्यवहार' नहीं बल्कि 'न्यायसंगत व्यवहार' भी होता है, फिर भी इस दृष्टिकोण को नीति निर्माण में ध्यान में रखना आवश्यक है। कई देशों के अनुभव भी इस बहस को जटिल बनाते हैं। कुछ स्थानों पर मासिक धर्म अवकाश की नीति लागू होने के बावजूद महिलाओं ने इसका उपयोग कम किया है, क्योंकि उन्हें डर होता है कि इससे उनके प्रति नकारात्मक धारणा बन सकती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल नीति बनाना पर्याप्त नहीं है; कार्यस्थल की संस्कृति और मानसिकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। यदि संस्थान का वातावरण संवेदनशील और सहयोगी नहीं है, तो कर्मचारी उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने में संकोच कर सकते हैं। इस संदर्भ में कुछ विशेषज्ञ 'अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश' के बजाय 'लचीली और वैकल्पिक नीति' का समर्थन करते हैं। उनका मानना है कि कर्मचारियों को यह स्वतंत्रता दी जानी चाहिए कि वे अपनी शारीरिक स्थिति के अनुसार अवकाश ले सकें। उदाहरण के लिए, सामान्य चिकित्सा अवकाश या लचीले कार्य समय की व्यवस्था ऐसी हो सकती है जिसमें महिला कर्मचारी आवश्यकता पड़ने पर घर से काम कर सकें या कुछ समय के लिए विश्राम ले सकें। इस प्रकार की व्यवस्था व्यक्तिगत जरूरतों का सम्मान करती है और साथ ही अनिवार्यता से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को भी कम कर सकती है। इसके साथ ही, कार्यस्थलों पर मासिक धर्म से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छ शौचालय, सैनिटरी उत्पादों की उपलब्धता, और संवेदनशील कार्य वातावरण महिलाओं के लिए अत्यधिक सहायक हो सकते हैं। कई बार अवकाश से अधिक महत्वपूर्ण यह होता है कि कार्यस्थल ऐसा हो जहाँ महिलाएँ बिना झिझक अपनी आवश्यकताओं के बारे में बात कर सकें और उन्हें आवश्यक सहयोग मिल सके। वास्तव में, इस पूरी बहस का मूल प्रश्न यह है कि समानता का अर्थ क्या है। क्या समानता का अर्थ यह है कि सभी कर्मचारियों के साथ बिल्कुल समान व्यवहार किया जाए, या फिर यह कि उनकी भिन्न आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें न्यायसंगत सुविधाएँ दी जाएँ? आधुनिक नारीवादी दृष्टिकोण यह मानता है कि वास्तविक समानता तभी संभव है जब जैविक और सामाजिक अंतर को ध्यान में रखते हुए नीतियाँ बनाई जाएँ। इस दृष्टि से मासिक धर्म अवकाश का विचार पूरी तरह से अनुचित नहीं है। लेकिन इसे इस प्रकार लागू करना आवश्यक है कि यह महिलाओं को कमजोर या कम सक्षम साबित करने के बजाय उनकी गरिमा और अधिकारों को मजबूत करे। अंततः यह कहा जा सकता है कि अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश नीतियाँ एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा प्रस्तुत करती हैं। एक ओर वे महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और संवेदनशीलता को मान्यता देती हैं, वहीं दूसरी ओर वे अनजाने में रोजगार में लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देने का जोखिम भी पैदा कर सकती हैं। इसलिए नीति निर्माण में संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। अनिवार्यता के बजाय लचीली नीतियाँ, जागरूकता, और संवेदनशील कार्यस्थल संस्कृति इस दिशा में अधिक प्रभावी समाधान हो सकते हैं। समाज और संस्थानों को यह समझना होगा कि मासिक धर्म कोई बाधा नहीं बल्कि जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। यदि कार्यस्थल ऐसी नीतियाँ विकसित करें जो महिलाओं के स्वास्थ्य का सम्मान करें और साथ ही उनकी पेशेवर क्षमताओं पर विश्वास बनाए रखें, तभी वास्तविक लैंगिक समानता की दिशा में सार्थक कदम उठाया जा सकेगा।

# नौ माताओं के महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं'



संजीव ठाकुर
लेखक

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है' यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है' द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है।

# नव निर्माण के नौ वर्ष: जनपद में 09 दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ

## सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदर्शनी आयोजित

गुलजार आलम





**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन सभागार में मा० विधायक मिलक-शाहबाद राजबाला, मा० भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य अधिकारियों एवं लाभार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ स्थित लोक भवन से आयोजित मा० मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देख। तथा मा० मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया।

इस अवसर पर मा० विधायक राजबाला ने कहा कि सरकार सर्वहिताय के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषकों, महिलाओं एवं वृद्धजनों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि आवास, पेंशन, ऋण मोचन तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है।

मा० भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के प्रतीक हैं। सरकार द्वारा पारदर्शी एवं बिना भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे आमजन का विश्वास निरंतर बढ़ा है। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर 09 दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ प्राप्त करने की विधि के बारे में आमजन को अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ ही लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने हेतु मौके पर ही आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत सुब्हान खां को आरओ वाटर प्लांट के लिए 05 लाख रुपए, ढाकनलाल को आईस्क्रीम बनाने हेतु 2.5 लाखए कृष्णपाल को बुटीक हेतु 02 लाख रुपए की धनराशि के डेमो चेक प्रदान किए। राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत रानी स्वयं सहायता समूह सहित 07 स्वयं सहायता समूहों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत धैर्य, अंश जैन, कल्पना, ऋषि श्रीवास्तव, ईशा मार्टिन, पिंकी कश्यप को जोड़ा गया है। 07 निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। श्रम विभाग द्वारा श्री राकेश, धर्मवीर, अब्दुल जब्बार को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 31000 रुपए एवं संजीव कुमार को 26000 रुपए का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत तहसील स्वार ग्राम मधुपुरा ओमवती, तहसील मिलक ग्राम मेघानगला जदीद की श्रीमती चॉदनी गंगवार एवं तहसील मिलक ग्राम पजाबा की श्रीमती संतोष कुमारी को आवास की प्रतिकात्मक चाभी प्रदान की गई। इस दौरान दिव्यांग बालिका पूजा मिलक निवासी को ट्राई साइकिल प्रदान की। विकास भवन परिसर में स्थापित 09 दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉल लगाए गए हैए जिससे आमजन को विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होगी।

## हापुड़ में सपा कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर चूल्हा लगाकर बनाई रोटियां, एलपीजी को लेकर प्रदर्शन



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत और बढ़ती कीमतों की बात कहते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताते हुए कलेक्ट्रेट में ही मिट्टी का चूल्हा जलाया और उस पर रोटियां बनाईं। सपा नेताओं का आरोप है कि जिले में गैस की भारी कमी के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि प्रशासन इस समस्या को हल करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा बंद होने और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। खासकर रमजान और नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के बीच गैस की यह किल्लत आम गृहिणियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो वे अपने आंदोलन को और भी तेज करेंगे।इस मौके पर जिलाध्यक्ष बब्लू गुर्जर ने बताया कि एलपीजी की दिक्कत रही हैं प्रदर्शन जारी रहेगा,शालू जोहरी,दीपिका चुग, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न, ब्रह्मा देवी व जीएमएस का दबदबा

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन ब्रह्मा देवी और जीएमएस के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय हापुड़ के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन जीएमएस वर्ल्ड स्कूल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्रीमती कविता माधुर, जिला महामंत्री श्री श्याम मंदिर त्यागी जी श्री राहुल उपाध्यक्ष जी , जिला मंत्री अनिरुद्ध सिंह कस्तला मंडल अध्यक्ष पिलखुआ देहात श्री हेमंत त्यागी जी बहादुरगढ़ श्री तरुण चौहान जिला संयोजक सोशल मीडिया श्री जतिन साहनी जी थाना प्रभारी श्री प्रवीण चौधरी जिला हॉकी सचिव प्रिंस पंडित रहे।

प्रतियोगिता में जनपद हापुड़ के विभिन्न विद्यालयों अकादमी से बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभा किया कबड्डी का परिणाम कबड्डी में लड़कियों में 8 टीमों ने प्रतिभा किया और लड़कों में 9 टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें लड़कियों में प्रथम स्थान एसवीबीएम हापुड़ और द्वितीय स्थान एसवीएम अकादमी हापुड़ ने प्राप्त किया।

लड़कों में 10 टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें में प्रथम स्थान पिलखुवा स्पोर्ट्स क्लब ने प्राप्त किया दूसरा स्थान एसएसबी इंटर कॉलेज हापुर के लड़कों ने प्राप्त किया।बास्केटबॉल में लड़कियों में प्रथम स्थान जेएमएस वर्ल्ड स्कूल दूसरा स्थान द्वितीय स्थान सीएमसीडीसी गढ़मुक्तेश्वर ने प्राप्त किया बास्केटबॉल लड़कों में प्रथम स्थान जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने और द्वितीय स्थान जेएमएस अकादमी ने प्राप्त।वॉलीबॉल में लड़कियों में पांच टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें जीएमएस वर्ल्ड स्कूल ने जेएमएस अकादमी को 15 11 15 13 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में लड़कों में 10 टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें सेमीफाइनल में जीएमएस वर्ल्ड स्कूल ने सिंभावली को हराकर फाइनल में प्रवेश किया दूसरे सेमीफाइनल में जेएमएस अकादमी ने लखन अकादमी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने प्रथम स्थान जेएमएस अकादमी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिला कबड्डी सचिव पुनीत तेवतिया जिला वॉलीबॉल सचिव हरेंद्र सिंह पवार सचिन रावत तनवीर सिंह खेलो इंडिया कोच दीपांशु अंकुर गीता अंकित सैनी आदि मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं का अनोखा प्रदर्शन: कलेक्ट्रेट में चूल्हा जलाकर बनाई रोटियां, LPG किल्लत पर जताया विरोध



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में अनोखा प्रदर्शन किया।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ही मिट्टी का चूल्हा जलाया और उस पर रोटियां बनाईं।

जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में गैस की भारी कमी और कालाबाजारी के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि प्रशासन इस समस्या के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है।वहीं, समाजवादी पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष रेशमा यादव ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा बाधित होने और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

खासकर रमजान और नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के बीच गैस की यह किल्लत आम गृहिणियों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है।कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान मे फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया उद्घाटन मैच की मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया, उद्घाटन मैच वेलोसिटी फुटबॉल एकेडमी और प्रतापगढ़ फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें वेलोसिटी 4-0 से विजई रही वेलोसिटी के राजेश कुमार एवं मोहम्मद समीर ने दो-दो गोल किए

मल्हूपुर मांधाता एवं रामनगर लालगंज के मध्य मैच हुआ जिसमें कांटे की टक्कर में रामनगर लालगंज ने 2-1 से विजय प्राप्त की रामनगर लालगंज की ओर से लव कुश कोरी ने दो गोल किया पहला सेमीफाइनल मैच स्टेडियम रेड और वेलोसिटी फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया की टक्कर में 2-1से विजई रही आदिल एवं नारायण ने एक एक गोल किया दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम ब्लू और रामनगर लालगंज के मध्य खेला गया जिसमें लव कुश ने 1 गोल से टीम ने फाइनल मेंप्रवेश किया फाइनल मैच स्टेडियम रेड और रामनगर लालगंज के मध्य खेला गया जिसमें काफी संघर्ष पूर्ण मैच हुआ जिसमेंदोनों टीमें 1-1बराबरी पर रही फाइनल मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया जिसमें स्टेडियम रेड ने रामनगर लालगंज को 3-1 से परास्त कर जनपद स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी ने पुरस्कृत किया एवं खिलाड़ियों को अपना शुभ आशीष प्रदान किया मैच के मुख्य निर्णायक रोमी विकास जिगर, आर्यन, फुटबॉल कोच बुद्ध प्रकाश ,मांधाता के खेल अध्यापक अजय कुमार रहे इस अवसर पर रामअंजोर ,जेपी यादव, लवली मिश्रा, निखिल राणा, श्याम कनौजिया उपस्थित रहे प्रतियोगिता का संचालन तेजस वैश्य ने किया

## हाफिजपुर पुलिस ने चोरी की 2 घटनाओं का किया खुलासा, बावरिया गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार




हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की दो घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए बावरिया गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।पुलिस द्वारा मु०अ०सं० 08/2026 धारा 305(ए), 317(2) बीएनएस तथा मु०अ०सं० 42/2026 धारा 305(ए), 317(2) बीएनएस से संबंधित मामलों का अनावरण करते हुए अभियुक्त को बृजनाथपुर नहर पुल से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेन्द्र पुत्र राजपाल सिंह निवासी सिल्वर सिटी, पुस्ता चौकी के पीछे, बालाजी मंदिर के पास, थाना ट्रॉनिका सिटी, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है।पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामान सहित ताला तोड़ने में प्रयुक्त

# शहर के विकास में आईटीसी का योगदान महत्वपूर्ण: नगरायुक्त






वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** आईटीसी के बहुउद्देषीय सभागार में आज नगर निगम के सहयोग से आईटीसी जनप्रभाव उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नगरायुक्त षिपू गिरि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का षुभारंभ करते हुए कहा कि सहारनपुर और आईटीसी का सम्बंध काफी पुराना रहा है। षहर के विकास के लिए आईटीसी ने काफी योगदान दिया है। नगरायुक्त ने कहा कि आईटीसी द्वारा नगर निगम के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्षन का जो मॉडल विकसित किया गया है, वह अनेक निगमों के लिए अनुकरणीय है और उसकी प्रदेष व राश्ट्रीय स्तर पर चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि गत वर्श स्वच्छता सर्वेक्षण में सहारनपुर का जो अच्छा प्रदर्षन रहा है उसमें आईटीसी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने आषा व्यक्त की कि आगामी अप्रैल माह में स्वच्छता सर्वेक्षण में भी आईटीसी का इसी प्रकार सक्रिय सहयोग रहेगा। समारोह में आईटीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों को आकर्शक स्टॉल के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें उन्नत खेती के माध्यम से स्मार्ट विलेज, मातृ एवं षिषु स्वास्थय परीक्षण, स्किल डवलपमेंट, व उन बच्चों को पुनः षिक्षा से जोड़ना जिन्होंने किसी कारण स्कूल जाना छोड़ दिया है, आदि का प्रदर्षन किया गया। साथ ही लोगों को नवाचार, आजीविका, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामुदायिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। आईटीसी के मानव संसाधन प्रमुख वी. त्रिनाथ व गिरिराज षाह ने कहा कि यह आयोजन न केवल आईटीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति समर्पण को दषार्ता है अपितु समाज में सकारात्मक बदलाव और जनजागरुकता लाने की दिषा में एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ है। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा व सीएमओ डॉ प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। संचालन मयंक

## तुषार गौड़ बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष



नितिन शर्मा

**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** नूरपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव शिवाला कलां निवासी तुषार गौड़ को भारतीय जनता पार्टी जनपद बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। तुषार गौड़ के जिला उपाध्यक्ष बनने से उनके मित्रो एव समर्थको मे खुशी का माहौल है। इससे पहले तुषार गौड़ भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर मे लोकसभा विस्तारक उसके उपरान्त हाथरस लोकसभा विस्तारक रह चुके है। जिला उपाध्यक्ष बनने पर तुषार गौड़ ने कहा कि पार्टी ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है वह पूर्ण निष्ठा एवं निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होने लखनऊ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश संगठन महामन्त्री धर्मपाल सिंह सैनी से मिलकर पार्टी के शिर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

## आऊट आफ बच्चों के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण की हुई शुरूआत




धन दयाल पाण्डेय

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए नोडल शिक्षकों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत ब्लाक संसाधन केंद्र सेवरही में हुई। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी सेवरही अमितेश कुमार ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। इस दौरान बीईओ अमितेश कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आऊट आफ स्कूल/ड्राप आऊट बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में विद्यालयों में नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ना है।

# कैप्टिव पावर विद्युत संशोधन 2026 -उपभोक्ताओं, वितरण कंपनियों, कार्मिकों, पेंशनर्स, और जनहित को ध्यान में रखकर इसमें संशोधन किए जाएं: राकेश डीपी पाठक

मदन वर्मा



**जबलपुर(वेलकम इंडिया)।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने विद्युत (संशोधन) नियम 2026 पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह डिस्कॉम (वितरण) कंपनियों की वित्तीय स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा है। कैप्टिव पावर (स्व-उपयोग हेतु बिजली) से संबंधित हाल ही में अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम 2026 के देश भर की वितरण कंपनियों (डिस्काम) के राजस्व और वित्तीय स्थिति पर गंभीर परिणाम होंगे। कॉर्पोरेट समूहों को 'एकल कैप्टिव उपयोगकर्ता' के रूप में कार्य करने की अनुमति सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और समूह कंपनियों को अब एक ही कैप्टिव उपयोगकर्ता माना जाएगा। इससे बड़े कॉर्पोरेट घराने डिस्कॉम के बजाय कैप्टिव प्लांट से बिजली प्राप्त कर सकेंगे, जिससे औद्योगिक उपभोक्ताओं का बड़े पैमाने पर बिजली कंपनियों से पलायन होगा। विभिन्न समूह कंपनियों में कैप्टिव खपत उद्योग अब अलग-अलग स्थानों पर स्थित अपनी विभिन्न समूह कंपनियों के बीच कैप्टिव बिजली वितरित कर सकते हैं। इससे डिस्कॉम की आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी और उनके सबसे अधिक मुनाफे वाले उपभोक्ता वर्ग में कमी आएगी। 1ग्रुप कैप्टिव (व्यक्तियों के समूह) के लिए नियमों में ढील भले ही व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आनुपातिक खपत का कड़ाई से पालन न करें, फिर भी संयंत्र को 'कैप्टिव' माना जाएगा, बशर्ते सामूहिक खपत आवश्यक सीमा को पूरा करती हो। इससे डिस्कॉम की बिजली से बचना आसान हो जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि ये संशोधन वित्तीय रूप से तनावग्रस्त डिस्कॉम और आम बिजली उपभोक्ताओं की कीमत पर बड़े कॉर्पोरेट उपभोक्ताओं को लाभ देते हुए प्रतीत हो रहें हैं। राकेश डीपी पाठक ने कहा कि इस आदेश से बड़े बिजली उपभोक्ता वितरण कंपनियों से बिजली लेने की बजाय कैप्टिव स्त्रोतों से बिजली लेने लगेंगे। इससे बिजली वितरण कंपनियों की बिजली बिक्री पर भारी गिरावट आने की संभावना है। राकेश डीपी पाठक ने कहा कि बिजली वितरण कंपनियों की आय का मुख्य स्त्रोत बड़े बिजली उपभोक्ता हैं, जो अधिक टैरिफ पर बिजली खरीदते हैं। उसी से घरेलू कृषि उपभोक्ताओं को क्रास सब्सिडी प्रदान की जाती है। यदि उद्योग, बड़े उपभोक्ता बड़ी संख्या में कैप्टिव पावर की ओर चले जाते हैं तो क्रास सब्सिडी का पूरा ढांचा कमजोर हो जाएंगा। इस कारण बिजली वितरण कंपनियों का वित्तीय घाटा बड़ी तेजी से बढ़ सकता है। राकेश डीपी पाठक ने कहा कि कैप्टिव पावर के सत्यापन तक क्रास सब्सिडी सरचार्ज और एडीशनल सरचार्ज न लगाए जाने का प्रावधान भी वितरण कंपनियों के राजस्व प्रवाह को प्रभावित करेगा। इस कारण बिजली वितरण कंपनियों पर अतरिक्त वित्तीय दबाव पड़ेगा। यदि इन नियमों को वर्तमान स्वरूप में यथावत लागू कर दिया गया तो बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय व्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। जिसका सीधा प्रभाव प्रदेश और देश की बिजली व्यवस्था पर पड़ेगा। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से अनुरोध करते हुए मांग की है कि इन नये नियमों की व्यापक समीक्षा की जाएं।

# राष्ट्रपति ने परोसी अक्षय पात्र की 5 अरबवीं थाली

## पौष्टिक भोजन देश की मानव पूंजी में एक महत्वपूर्ण निवेशः द्रोपदी मुर्मू

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** अक्षय पात्र फाउंडेशन ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 5 अरबवीं थाली परोसने का मील का पत्थर पार किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक-चेयरमैन मधु पंडित दास तथा वाइस चेयरमैन चंचलापति दास सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विषय 'सुपोषित और सुशिक्षित भारत से विकसित भारत' रखा गया, जो बच्चों के पोषण एवं शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को रेखांकित करता है। समारोह में ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निमार्ता, शिक्षाविद, परोपकारी संस्थाएं तथा बड़ी संख्या में हितधारक उपस्थित रहे।

साथ ही, फाउंडेशन के पूर्व लाभार्थी, छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। राष्ट्रपति मुर्मू ने बच्चों को भोजन परोसकर तथा उपहार प्रदान कर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों को दिया जाने वाला पौष्टिक भोजन देश की मानव पूंजी में एक महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने बच्चों को भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का आधार बताते हुए कहा कि यही वर्ग भविष्य में राष्ट्र की प्रगति को गति देगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस योजना से स्कूलों में नामांकन, उपस्थिति और सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने वक्तव्य में ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुई यह पहल आज एक व्यापक जनआंदोलन बन चुकी है। उन्होंने फाउंडेशन के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 25,000 से अधिक स्कूलों में प्रतिदिन 23.5 लाख बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना एक असाधारण उपलब्धि है।

इस अवसर पर मधु पंडित दास ने कहा कि 25 वर्षों की इस सेवा यात्रा में 5 अरब भोजन परोसना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस संकल्प का पुनःस्मरण है कि कोई भी बच्चा भूखा न रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित पोषण योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये पहलें बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

वाइस चेयरमैन चंचलापति दास ने कहा कि यह उपलब्धि सरकार, दाताओं, साझेदारों और समर्पित कार्यकताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (च्च्च) मॉडल को इस सफलता का आधार बताते हुए भविष्य में और अधिक बच्चों तक पहुंचने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

वर्ष 2000 में स्थापित द अक्षय पात्र फाउंडेशन ने अपनी यात्रा की शुरूआत बेंगलुरु से की थी। प्रारंभ में कर्नाटक सरकार के साथ 'अक्षरा दसोहा' मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्य करते हुए, संगठन ने धीरे-धीरे अपने संचालन का विस्तार देशभर में किया। आज यह विश्व का सबसे बड़ा एनजीओ-चालित स्कूल भोजन कार्यक्रम बन चुका है।

फाउंडेशन ने मात्र 12 वर्षों में 1 अरब भोजन परोसने का लक्ष्य हासिल किया। वर्ष 2012 में एन. आर. नारायण मूर्ति ने 1 अरबवीं थाली परोसी, जबकि 2016 में प्रणब मुखर्जी ने 2 अरबवीं थाली परोसकर इस उपलब्धि को आगे बढ़ाया। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वृंदावन में 3 अरबवीं थाली परोसी, और 2024 में न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 4 अरब भोजन परोसने का उत्सव मनाया गया। वर्तमान में फाउंडेशन देशभर में 78 अत्याधुनिक रसोईघरों के माध्यम से प्रतिदिन 23.5 लाख बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहा है, और वर्ष 2030 तक इस संख्या को 30 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## इफ्तार की तैयारी के बीच नगरा गांव में लगी आग, तीन घर जलकर राख



**फतेह खान**

**शुजागंज (वेलकम इंडिया)।** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगरा में मंगलवार शाम रोजा इफ्तार की तैयारी के दौरान अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग ने शमसाद, सायरुन व सईद के घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों घर जलकर राख हो गए। आग की लपटों में घिरे घरों में रखा गृहस्थी का सामान, कपड़े, बिस्तर और अनाज पूरी तरह स्वाहा हो गया। पीड़ित शमसाद ने बताया कि घटना के बाद परिवार के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि हल्का दरोगा को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है और आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दिलाने के लिए प्रशासन को सूचना दे दी गई है।

## तेज रफ्तार कैंटर और कार की आमने-सामने भिड़ंत, 2 लोगों की मौत,

**मयूर खान**



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के घाटीपुरा थाना क्षेत्र में भोपाल रोड पर तेज रफ्तार कैंटर और कार की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में आगरा थाना ट्रांस यमुना के इस्लाम नगर के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मोहल्ले में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

आगरा थाना ट्रांस यमुना के इस्लाम नगर निवासी मोहम्मद फजल के अनुसार उनका बेटा यूसुफ खान (37) मोहल्ले के छोटू खान के साथ कांच पर डिजाइन बनाने का काम करता था। दोनों अलग-अलग शहरों में कांच का सामान बेचने जाते थे। मंगलवार तड़के करीब तीन बजे यूसुफ, छोटू और मोहल्ले का युवक सलमान (22) इको कार से ग्वालियर के लिए निकले थे। कार सलमान चला रहा था।

सुबह करीब आठ बजे घाटीपुरा थाना क्षेत्र के भोपाल रोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में फंसे सलमान और यूसुफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पीछे बैठा छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल को उपचार के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया है। देर रात जब दोनों शव इस्लाम नगर पहुंचे तो पूरे इलाके में चीख-पुकार मच गई। रमजान के महीने में आई इस दर्दनाक खबर से मोहल्ले की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मृतक सलमान की मां रजिया का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बिलखते हुए कहती रहीं, या अल्लाह, मेरे आंखों के तारे ने तेरा क्या बिगाड़ा था उनके विलाप से मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

## मगोर्रा थाना के गांव में बड़े भाई ने पत्नी के साथ मिलकर की छोटे भाई की गला रेतकर हत्या



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(मगोर्रा)।** थाना क्षेत्र के गांव अहमल में आपस मे कहासुनी होने पर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गला रेत कर हत्या कर दी। मृतक की माँ के अनुसार मृतक निरंजन उम्र करीब 20 वर्ष की किसी बात को लेकर अपने बड़े भाई मेघश्याम से कहासुनी हो गई, देखते ही देखते बड़े भाई मेघश्याम की पत्नी ने अपने देवर को पकड़ लिया और मेघश्याम ने धार दार हथियार से छोटे भाई का गला रेत दिया, जिसके कुछ देर बाद ही निरंजन ने तड़पते हुये दम तोड़ दिया। घटना को देख रही बूढी माँ ने शोर मचाया तो आसपास के लोग घटना स्थल पर इकट्ठे हो गए तब तक मेघश्याम व उसकी पत्नी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। गाँव वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये मथुरा भेज दिया।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा(गोवर्धन)।** बहुजन समाज के महानायक एवं बहुजन आंदोलन के प्रणेता काशीराम जी की जयंती पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में शहर के सौंख रोड़ पर स्वर्गीय श्री काशीराम की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के बैनर तले निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन श्री गिर्राज नर्सिंग होम पर किया गया।

जिसमें प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉक्टर राजीव शर्मा ने मरीजों का स्वास्थ की जांच की। मरीजों की पैथोलॉजी जांच और दवाई भी मुफ्त दी गई। आयोजित कैम्प में ६५ मरीजों के स्वास्थ की जांच की गई।

गिरिराज नर्सिंग होम के पैरामेडिकल स्टाफ ने भी मरीजों के स्वास्थ की जांच और इलाज में सहयोग किया। उत्तर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉक्टर राजीव शर्मा ने कहा कि काशीराम जी ने समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके संघर्ष और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय स्थापित किया जा सकता है।

## गोवर्धन में महामहिम के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में, डीएम-एसएसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(गोवर्धन)।** महामहिम के प्रस्तावित गोवर्धन आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मुकुट मुखारबिंद मंदिर और मानसी गंगा मंदिर में दर्शन व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जो अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी (डीएम) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने अधिकारियों को मंदिर की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने बताया कि महामहिम के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। दर्शन व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है।

## उद्योग मित्र बैठक में डीएम ने दिए गुणवत्ता व प्रशिक्षण पर जोर





**गोविन्द मेहता**

**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग मित्र बैठक में जिले के उद्यमियों के साथ विस्तृत संवाद किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों–जैसे हस्तशिल्प, मसाले, ऊनी उत्पाद आदि–का अवलोकन किया तथा उनके विपणन और प्रोत्साहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सिंगल विंडो क्लीयरेंस, निजी औद्योगिक पार्क एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट हेतु भूमि उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को प्रशिक्षित पर्यटक गाइड के रूप में तैयार युवाओं की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित विभागों से व्यय की वसूली की जाएगी।

उन्होंने उद्यम विभाग को प्रशिक्षित व्यक्तियों का पृथक डेटाबेस तैयार करने के निर्देश भी दिए। जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक कविता भगत ने बैठक में बताया कि पूर्व में उद्योग मित्रों के साथ बैठकों में प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है तथा अधिकांश प्रकरणों का समाधान कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली के माध्यम से उद्यमियों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनके उत्पादों को जिला स्तर की खरीद प्रक्रियाओं में प्राथमिकता दी जाएगी।

साथ ही जिले के सभी उद्यमियों एवं उनके उत्पादों का एक कैटलॉग पुस्तिका तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उनके उत्पादों को व्यापक पहचान मिल सके। बैठक में पूर्व उद्योग मित्र बैठक के अनुपालन आख्या भी प्रस्तुत की गई। इसी क्रम में हथकरघा, हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग क्षेत्र में वर्ष 2025-26 के पुरस्कार हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला स्तरीय पुरस्कार चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

हथकरघा श्रेणी में मीरा पांचपाल प्रथम तथा श्रीमती कलावती देवी द्वितीय स्थान पर रहीं। हस्तशिल्प श्रेणी में बसंतलाल प्रथम तथा प्रेमा परिहार द्वितीय स्थान पर रहीं। लघु उद्योग श्रेणी प्रतियोगिता में सूरज प्रकाश सिंह प्रथम तथा हरि कर्मयाल द्वितीय स्थान पर रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी. तिवारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत, प्रबंधक अमित रावत, वरिष्ठ कोषाधिकारी कन्हैया लाल सरकी, होटल एसोसिएशन से श्रीश कपूर, सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी एवं शिल्पकार उपस्थित रहे।

## गोलीबारी कांड के आरोपी पार्षद तिलकवीर के झूठे रुतवे का पदार्फाश, ढाई करोड़ की 'रेंज रोवर' निकली किसी और की




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** बीएसए कॉलेज के समीप सियाराम वाटिका में हुए चर्चित गोलीबारी कांड में नामजद पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी अब एक और वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि जिस ढाई करोड़ की रेंज रोवर स्पोर्ट्स गाड़ी को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर शान दिखाई, वह उनकी नहीं बल्कि उनके मित्र और मन्नत ग्रुप के मालिक रितेश अग्रवाल की है। बताया जा रहा है कि तिलकवीर ने हाल ही में फेसबुक सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर पोस्ट डालकर दावा किया था कि उन्होंने यह लग्जरी गाड़ी खरीदी है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट निकली। जानकारी के अनुसार, गाड़ी रितेश अग्रवाल द्वारा बुक कराई गई थी और डिलीवरी के दौरान तिलकवीर ने उसे खुद लाने की बात कहकर अपने कब्जे में लिया। इसके बाद वह दिल्ली स्थित शोरूम पहुंचकर परिजनों व दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाते हुए खुद को गाड़ी का मालिक बताकर सोशल मीडिया पर प्रचार करता रहा।

## गलतफहमी दूर होने पर कांग्रेसी पदाधिकारियों की वापसी, पुनः मिली जिम्मेदारी

**हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** कांग्रेस के तीन पूर्व पदाधिकारियों ने गलतफहमी के चलते दिए गए अपने इस्तीफों को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए पुनः संगठन में काम करने की इच्छा जताई है। इस संबंध में उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद को पत्र सौंपकर पूरा मामला बताया। पूर्व पदाधिकारियों सभासद सुशील शास्त्री, पूर्व शहर उपाध्यक्ष मनोज शर्मा और पूर्व जिला महासचिव सुबोध शास्त्री – ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने कुछ समय पहले गलतफहमी के कारण कांग्रेस संगठन से इस्तीफा दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेसी थे, हैं और आगे भी रहेंगे। पत्र में यह भी बताया गया कि उन्हें यह कहकर गुमराह किया गया था कि यूजीसी के विरोध के चलते उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी से निकाला गया है, जबकि वास्तविकता इससे अलग थी। अब सच्चाई सामने आने के बाद तीनों नेताओं ने इस पर खेद व्यक्त करते हुए पुनः संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा जताई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने तीनों नेताओं की वापसी का स्वागत करते हुए उन्हें पुनः जिम्मेदारियां सौंपीं। इसके तहत सुशील शास्त्री को जिला कोषाध्यक्ष, मनोज शर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा सुबोध शास्त्री को जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और किसी भी प्रकार की भ्रामक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## महामहिम की आगवानी के लिए तैयार गिर्राज नगरी, कस्बावासियों में जबरदस्त उत्साह, चाक चौबंद हुई सुरक्षा व्यवस्था

**मनोज शर्मा**



**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** महामहिम के आगामी 21 मार्च के सप्तकोषीय परिक्रमा कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन एवं कस्बावासी तैयार हैं। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 19 मार्च से तीन दिवसीय मथुरा भ्रमण प्रस्तावित है। उसी क्रम में महामहिम 21 मार्च को गोवर्धन परिक्रमा करेंगी। महामहिम के परिक्रमा कार्यक्रम को देखते हुए कस्बावासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार गिर्राज नगरी आ रही हैं। महामहिम की आगवानी में जिला प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। कार्यक्रम के चलते सभी विभागों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगातार सड़कों पर पेचवर्क के माध्यम से संवारा जा रहा है। परिक्रमा मार्ग में दीवारों की लाल रंग से पुताई कर दी गई है। जगह-जगह प्रमुख चौराहों पर स्वागत द्वार बनाकर एवं सप्तरंगीय पट्टी लगाकर सजाया गया है। प्रशासन द्वारा सभी अतिक्रमण लगभग हटा दिया गया है। प्रमुख मंदिरों में विशेष व्यवस्था कर सजाया गया है। महामहिम राष्ट्रपति अपनी परिक्रमा के दौरान प्रसिद्ध मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा, दानघाटी, जतीपुरा, राधाकुंड आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगी। प्रशासन के अधिकारी लगातार गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर रहे हैं। सुरक्षा के दृस्टिगत परिक्रमा मार्ग में पीएसी, सीआरपीएफ ने जिम्मा संभाल लिया है। सुरक्षा एजेंसिया लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। जमुनावता तिराहे पर तीन हेलीपेड़ बनाए गए हैं। नगर पंचायत की ओर से सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। परिक्रमा मार्ग में बने नगर पंचायत कार्यालय को भी सजाया जा रहा है। महामहिम राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए कस्बावासियों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गिर्राज नगरवासी राष्ट्रपति की आगवानी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। महामहिम के कार्यक्रम को देखते हुए सभी कस्बावासियों ने प्रशासन की ओर से जारी दिशानिदेर्शों का शांति से पालन करने की बात कह रहे हैं। उसी दिशा में सभी ने अपने चबूतरे टीनशेड, कुर्सियां, काउंटर आदि को शांतिपूर्वक हटाना शुरू कर दिया है।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे, योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तिका का किया विमोचन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय प्रदर्शनी/मेला एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हॉल में किया गया।

इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक भवन लखनऊ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ''नवनिर्माण के 9 वर्ष'' शीर्षांकित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया, कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, मा0 विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान, एम0एल0सी0 प्रतिनिधि ई0 सुधांशु सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में उपस्थित पुरुष/महिला लाभार्थियों व किसान भाइयों द्वारा देखा व सुना गया।

इस अवसर पर मा0 विधायक धनधटा गणेश चन्द्र चौहान ने केन्द्र सरकार के गौरवपूर्ण 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 09 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया बन्धुओं एवं जनसामान्य को हार्दिक बधाई एवं शुभाकामना दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सफलतापूर्वक 09



वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में गॉव-गॉव तक बिना किसी भेदभाव के गरीबें, पिछड़ों, असहायों, दिव्यांग जनों सहित समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के माध्यम से जो लाभ निरंन्तर दिया जा रहा है, उसका प्रभाव आज हम सभी को साफ दिख रहा है। उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मा0 मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने मा0 मुख्यमंत्री जी को जो दायित्व सौपा है उस पर प्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बाहरी उद्यमियों द्वारा निरन्तर भारी मात्रा में निवेश किया जा रहा यह प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं/सुरक्षा पर भरोसा का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रदेश सरकार द्वारा विगत 09 वर्षों में प्रदेश की तरक्की हेतु किये गये विकास कार्यो से परिचित होने के साथ-साथ विकास के प्रति समर्पित केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जानने समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज किसान, नौजवान सहित समाज के हर वर्ग को सभी योजनाओं का जमीनी स्तर पर लाभ मिल रहा है। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षो में सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के बारे में लोगो धारणा बदली है, आज प्रदेश में हर व्यक्ति स्वंय को पूरी तरह से स्वतंत्र व सुरक्षित महसूस कर रहा है। युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के पूर्ण पारदर्शिता के साथ नौकरी एवं रोजगार का अवसर मिल रहा है। माफिया एवं गुण्डाराज का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज हमारे समाज में बहू बेटिंया पूरे सम्मान एवं स्वालम्बन के साथ सुरक्षित वातावरण में निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में सूचना विभाग के पंजीकृत दल महेश मौर्य एण्ड पार्टी कलाकारों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लोकगायन की आकर्षक प्रस्तुति की गयी। केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मा0 विधायक धनघटा द्वारा जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धुओं के साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित प्रदेश के चौमुखी विकास हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर प्रेस-वार्ता कर मीडिया बन्धुओं को विभिन्न जानकारियों से अवगत कराते हुए उनके जिज्ञासाओं का जवाब दिया।

इस अवसर पर विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हॉल में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासपरक विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित स्टालों का मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष, मा0 विधायक धनघटा व सीडीओं द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयन्त सिंह, उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज यादव, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सम्बंधित अधिकारीगण व लाभार्थीगण तथा जन सामान्य आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**गढ़मुक्तेश्वर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ के निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से अवैध असलहा एवं चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में थे। समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने संभावित घटनाओं को टाल दिया। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

## गढ़ी पुख्ता में नामित सभासदों की सूची पर रोष, कार्यकताओं ने जताया विरोध

मोहसिन रहमानी

**गढ़ी पुख्ता(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत में करीब तीन साल बाद घोषित किए गए नामित सभासदों की सूची को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।जारी सूची में तीनों नामित सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से होने पर अनुसूचित जाति (एससी) और सामान्य वर्ग के कार्यकताओं ने गहरी नाराजगी जताई है।भारतीय जनता पार्टी की जिला कोर कमेटी के इस फैसले के खिलाफ स्थानीय कार्यकताओं में असंतोष साफ दिखाई दिया। इस संबंध में भाजपा मंडल महामंत्री अनिल खटीक के आवास पर आयोजित बैठक में कार्यकताओं ने निर्णय को अनुचित बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।बैठक के दौरान कार्यकर्ता नीरज जैन ने आरोप लगाया कि सामान्य वर्ग की लगातार अनदेखी



पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। वहीं अनिल खटीक ने कहा कि जमीनी स्तर पर वर्षों से कार्य कर रहे समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा की जा रही है, जिससे संगठन कमजोर हो सकता है। पार्टी कार्यकर्ता योगी बाबा कमलनाथ ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार उपेक्षा जारी रही तो इसका असर आगामी चुनावों में दिखाई देगा।जारी सूची के अनुसार महेश सैनी और राजीव तोमर को भाजपा से तथा मास्टर कृष्णपाल को राष्ट्रीय लोकदल से नामित किया गया है। इसके विपरीत, भाजपा के कई सक्रिय और पुराने कार्यकर्ता जैसे नीरज जैन, अनिल खटीक, अनुकूल गिरी, अनुज कश्यप, बाबा कमलनाथ और वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबल कुरैशी को इस बार मौका नहीं मिला।कार्यकताओं ने महेश सैनी के परिवार को बार-बार अवसर दिए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि उनके पिता पहले भी तीन बार चेयरमैन पद का चुनाव लड़ चुके हैं, ऐसे में एक ही परिवार को बार-बार प्राथमिकता देना उचित नहीं है।बैठक में मौजूद कार्यकताओं ने कहा कि जब पद जनता के वोट के बजाय सिफारिश के आधार पर दिए जाते हैं, तो असंतोष स्वाभाविक है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।अनुकूल गिरी, अनुज कश्यप, ऋषिपाल सैनी और महावीर गिरी समेत अन्य कार्यकताओं ने भी पार्टी के इस निर्णय पर रोष व्यक्त किया। बैठक में मौजूद सभी कार्यकताओं ने भविष्य में इस मुद्दे पर एक बड़ा निर्णय लेने का संकेत दिया है।

## ईद पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** आगामी त्यौहार ईद को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, उप जिलाधिकारी सदर इला प्रकाश एवं क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने सदर ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान अधिकारियों द्वारा धर्मगुरुओं एवं क्षेत्र के गणमान्य/संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी से अपील की गई कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के वातावरण में मनाया जाए।अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और लोगों से प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे ने थाना कोतवाली खलीलाबाद परिसर में आगामी त्यौहार नवरात्रि, रमजान एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया ।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कोतवाली खलीलबद द्वारा की गई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों से त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई।

बैठक के अंत में थाना प्रभारी द्वारा सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की गई।



**बैठक में दिए गए मुख्य बिंदु/निर्देश निम्नवत हैं**

- सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्यौहार मनाएं ।
- किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें, तथा ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।
- जुलूस/धार्मिक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं ।
- तेज ध्वनि (डीजे/लाउडस्पीकर) का प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए ।
- संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जाएगी ।
- सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट/संदेश प्रसारित न करें, अन्यथा विधिक कार्रवाई की जाएगी ।
- बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें ।
- त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार का विवाद होने पर स्वयं न उलझें, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचित करें ।
- पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए ।

## हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025: एम. एन. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर एम. एन. पब्लिक स्कूल सोनौरा गौसी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2025 में जिला स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 11 की छात्रा तैय्याब खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि जिया फारूक ने द्वितीय, शमा अंसारी ने तृतीय, स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 6 की एक छात्रा इरम फातमा ने भी जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शोऐब अहमद नदवी ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना भी है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इसरार अहमद सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें सईद अहमद, सालिम हाशमी, अफकार अहमद, हबीबुर्रहमान, खालिद हुसैन, शैलेंद्र पांडे, रामफूल, पीयूष तिवारी, महेंद्र कुमार, संतोष सोनी, आसिया खातून, मीना मौर्या, सीमा खानम, साबेरा खातून, अनम खातून, इरम खातून, नगमा शाहजादी, हुमैरा खातून, जैनब खातून, सुमैय्या खातून समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## पेंशन जीपीएफ पत्रावली पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे लेखा अधिकारी -संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शिक्षक समस्याओं से रूबरू होने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के मूल्यांकन केंद्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मूल्यांकन कर रहे दोनों विद्यालयों के प्रत्येक कक्ष में जाकर एक-एक शिक्षकों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानी गई। सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों ने बताया कि लेखाधिकारी पेंशन, जीपीएफ की पत्रावली पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं जिसको लेकर संगठन ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि जनपद में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की पत्रावली पर लेखाधिकारी हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण अभी तक रिटायर होने वाले एक भी शिक्षक की पेंशन व जीपीएफ की पत्रावली उप शिक्षा निदेशक कार्यालय नहीं पहुंच पाई।

उन्होंने बताया कि 31 मार्च को





प्रधानाचार्य शतेंद्र कुमार, सहायक अध्यापक हजारी लाल, रवि शंकर राय, दिनेश कमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश, कन्हैया यादव, घनश्याम यादव, इन्द्रेश धर दूबे, शरदेन्दु कान्त मणि त्रिपाठी, द्विजेन्द्र बहादुर सिंह, लिपिक निगम प्रकाश, परिचारक लखमण सहित कुल 12 लोग सेवानिवृत हो रहे हैं। सामूहिक जीवन बीमा के अनेक प्रकरण बकाया पड़े हैं। लेखाधिकारी के द्वारा चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के पत्रावली पर भी अड़ंगेबाजी की जा रही है।

शिक्षकों से मुलाकात के उपरांत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सबीहा मुमताज व हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद के प्रधानाचार्य अरुण ओझा से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया और मूल्यांकन के दौरान में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश राम जिला मंत्री गिरजानंद यादव जिला कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार मिश्रा विंध्याचल सिंह राहुल कुमार अभय शंकर शुक्ला अफजाल अहमद अरशद जलाल कमर आलम अखिलेश कुमारी विजय यादव गिरी विवेकानंद यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना दुधारा में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा ने थाना दुधारा परिसर में आगामी त्यौहार नवरात्रि, रमजान एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया । बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दुधारा ने की, जिसमें उपस्थित सभी लोगों से त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने कहा कि सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्यौहार मनाएं । किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें, तथा ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। जुलूस/धार्मिक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं, तेज ध्वनि (डीजे/लाउडस्पीकर) का प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए।

## ईद-उल-फितर से पहले पुलिस अलर्ट, ईदगाह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** आगामी ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बुधवार को पुलिस टीम के साथ नगर की ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने ईदगाह परिसर, आसपास के मार्गों तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना राशिद नूरुल हसन से मुलाकात कर आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें और ईद की नमाज केवल निर्धारित स्थानों पर ही अदा करें, सड़क पर नमाज न पढ़ें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति ईद-उल-फितर के अवसर पर दंगा-फसाद फैलाने, भड़काऊ भाषण देने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसके पश्चात थाना प्रभारी ने क्षेत्र के अन्य ईदगाह स्थलों का भी निरीक्षण किया और मुस्लिम समाज के लोगों से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है किसी भी तरह की गड़बड़ी की गई तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया कि ईद उल फितर पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

## ईद की नमाज को लेकर मौलाना आकील की अपील

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा बदरुल उलूम के प्रबंधक एवं इस्लामिक धर्म गुरु मौलाना आकील साहब द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो जारी कर क्षेत्रवासियों से ईद के पर्व को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाने की अपील की गई है।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और ईद की नमाज केवल निर्धारित स्थानों–ईदगाह और मस्जिदों–में ही अदा करें।मौलाना आकील साहब ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे आमजन को असुविधा हो या यातायात व्यवस्था बाधित हो। विशेष रूप से उन्होंने सड़कों और सार्वजनिक रास्तों पर नमाज अदा न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे दूसरों को परेशानी हो सकती है।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि



ईद-उल-फितर का त्योहार खुशियों, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर सभी लोग मिल-जुलकर प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं तथा समाज में एकता और शांति का संदेश दें।अंत में मौलाना आकील साहब ने देश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ करते हुए सभी से जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

# प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूरे, जनप्रतिनिधियों ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

वेलकम इंडिया संवाददाता



**अमेठी।** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में विकास भवन सभागार में बुधवार को एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी द्वारा 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया गया, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के पिछले 9 वर्ष विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, जिससे आम नागरिक अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। जिला अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं बढ़ी हैं, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई गई हैं। गंभीर बीमारियों के इलाज की व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों का कायाकल्प, डिजिटल शिक्षा का विस्तार और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने आगे कहा कि सड़कों के व्यापक निर्माण और सुधार से प्रदेश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। बेहतर सड़कों के कारण दुर्घटनाओं में कमी आई है और आमजन का समय भी बच रहा है। बिजली आपूर्ति में सुधार करते हुए 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, निःशुल्क सिंचाई सुविधा और कृषि से जुड़ी अन्य योजनाएं शामिल हैं। उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हुए निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे प्रदेश में नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में सभी योजनाओं को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से गांवों में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और उनकी आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार के 9 वर्ष 'विकास, विश्वास और सुरक्षा' के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सख्त कानून व्यवस्था लागू की गई है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं और कौशल विकास को बढ़ावा मिला है।

## कला एवं सौंदर्य विषय पर बी.एड. विद्यार्थियों हेतु कार्यशाला आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**सिकंदराबाद।** नगर के जेएस. (पी.जी.) कॉलेज, सिकंदराबाद के बी.एड. विभाग द्वारा कला एवं सौंदर्य (आर्ट एंड एस्थेटिक ) विषय के अंतर्गत बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास करना तथा शिक्षण में कला के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वैभव जैन द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कला आधारित गतिविधियाँ शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं जीवनोपयोगी बनाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सृजनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न समूहों में विभाजित कर पेपर क्राफ्ट, जूट क्राफ्ट, पॉट डेकोरेशन एवं ब्लॉक पेंटिंग जैसी गतिविधियाँ कराई गईं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं उपयोगी क्राफ्ट तैयार किए।

## संक्षिप्त समाचार

### गेहूं खरीद में गबन करने वाले दो सचिव गिरफ्तार

बुगरासी। किसान सहकारी समिति ऊंचा गांव में किसानों से गेहूं खरीदने के नाम पर लाखों रुपए कि गवन किया गया था सीआईडी टीम ने इस मामले में तत्कालीन दो सचिवों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नरसेना रामकिशोर गौतम ने बताया कि वर्ष 2019में किसानों से गेहूं खरीद की गई थी। जिसमें गबन कई किसानों ने भुगतान न होने की शिकायत की थी। सहकारिता विभाग ने जांच के बाद गवन में सामिल 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसमें सहकारी समिति के दो सचिव, सहकारी बैंक के लिपिक और समिति के अकिक शामिल थे ।यह आगरा की सीआईडी को सोंपी गई थी। सीआईडी टीम ने सोमवार को ऊंचा गांव समिति का दौरा कर मामले की जांच के बाद मंगलवार को सचिव सुनील कुमार और रविकांत को गिरफ्तार कर लिया।

### एमआईटी में 33 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चेक वितरित, चेहरों पर दिखी खुशी

उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एमआईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने 33 चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए। यह छात्रवृत्ति पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देकर उनकी शिक्षा को सुगम बनाना है। इस वर्ष बीटेक के 19, बी फार्मा के 2, बीबीए के 3 तथा बीसीए के 9 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में यह अनुभव किया गया कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की स्थापना की गई, जो निरंतर जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रिया चौधरी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. गौरव शर्मा एवं अजय चौधरी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### पीड़ित ने तहरीर देकर कराई रिपोर्ट दर्ज

**अहमदगढ(वेलकम इंडिया)।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी फारुख पुत्र बल्ले खां ने अपने पड़ोसी पर गाली गलौज धमकी देने की कराई रिपोर्ट दर्ज। प्राप्त जानकारी के अनुसार फारूक ने बताया है कि मेरा एक मकान चेहला की बगिया पर है जहां पर मेरा पड़ोसी आजाद पुत्र आरिफ मोटरसाइकिल की दुकान चलाता है जो कि वह पानी की मोटर चलाकर पानी इकट्ठा कर देता है जिसका मेरे द्वारा विरोध किया तो उसने मुझे गाली गलौज और धमकी देने लगा। आरोपी के खिलाफ पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जब इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### 2 करोड़ की हैरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**मथुरा(वेलकम इंडिया )।** थाना नौहझील पुलिस व एएनटीएफ यूनिट आगरा टीम ने 1 अभियुक्त को हैरोइन अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से पांच लाख रुपये नगद, 1 आईफोन व 1 हुण्डई औरा कार यूपी80जेटी 4124 बरामद की है। थाना नौहझील पुलिस टीम व एएनटीएफ यूनिट आगरा ने मुखबिर की सूचना पर यमुना एक्सप्रेसवे बाघई अण्डरपास के पास से नितेश पुत्र रविन्द्र बाबू निवासी ट्रान्सयमुना कालौनी रामबाग आगरा हाल निवासी गणपति वेली फतेहाबाद रोड थाना एकता आगरा को 621 ग्राम मादक पदार्थ हैरोइन ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ में आया नितेश दिल्ली से हैरोइन, एमडीएमए नामक मादक पदार्थ और लडकियों को दिल्ली से लाकर आगरा के होटलों में सप्लाई करता है। कार से मादक पदार्थ की खेप लेकर दिल्ली से लौट रहा था तभी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। अरेस्ट करने वाली टीम में थानाध्यक्ष नोहझील सोनू कुमार,उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह,उप निरीक्षक गौरव शर्मा एएनटीएफ यूनिट आगरा, मुख्य आरक्षी आशी सुधीर कुमार व लखनलाल एएनटीएफ यूनिट आगरा, कांस्टेबल राहुल कुमार थाना नौहझील मथुरा हैं। सूचना पर सीओ मांट भी मौके पर पहुंच गए।

### नरसेना में लगा ट्रांसफार्मर बना सफेद हाथी



**बुगरासी(वेलकम इंडिया )।** बिजली घर दौलतपुर कलां से जुड़े गांव नरसेना में मौहल्ले बागवाला में विघुत आपूर्ति करने के लिए एक दशक पहले लाईन खींचकर ट्रांसफार्मर भी लगाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि उपभोक्ता दूर दराज से लाईन डालकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बिजली लाईन को चालू करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में देवेन्द्र सिंह तेजवीर सिंह आदेश ललित व छोटे सिंह सहित कई दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार चालक के बेटे ने छुआ आसमान, सुमित कुमार शर्मा बीईएल में बने डिप्टी इंजीनियर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** 'कड़ी मेहनत और पक्का इरादा हो, तो किस्मत की लकीरें खुद-ब-खुद बदल जाती हैं।' इस बात को नगर के मौहल्ला लोधान (पेच कॉलोनी) निवासी सुमित कुमार शर्मा ने सच कर दिखाया है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले सुमित का चयन रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली प्रतिष्ठित संस्था भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (इएछ) में डिप्टी इंजीनियर (ऑफिसर पद) पर हुआ है। सुमित की इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सुमित के पिता मनोज कुमार पेशे से एक कार चालक हैं और माता मालती देवी एक साधारण गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सुमित ने कभी अपनी पढ़ाई से समझौता नहीं किया। उनकी बुद्धि का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह एकेटीयू नोएडा से गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके हैं। बीईएल तक पहुँचने की राह आसान नहीं थी। इससे पहले सुमित ने दो बार गेट और एक बार भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (इअफ्छ) की साइंटिफिक ऑफिसर परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन साक्षात्कार (इन्टरव्यू) के अंतिम दौर में सफलता हाथ नहीं लग सकी थी। अपनी असफलताओं से सीख लेते हुए उन्होंने प्रयास जारी रखा और अंततः 109 सफल अभ्यर्थियों में अपनी जगह पक्की की। सुमित ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग और अपने ममेरे भाई सचिन शर्मा के मार्गदर्शन को दिया है। सुमित ने बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का मुख्य उद्देश्य देश की रक्षा तकनीक को सशक्त बनाना है। देश की सुरक्षा में योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है। वह आगामी 13 अप्रैल से बेंगलुरु में अपनी ट्रेनिंग शुरू करेंगे। छह महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद, उन्हें देश भर में स्थित बीईएल की नौ इकाइयों में से किसी एक में तैनात किया जाएगा। एक कार चालक के बेटे का अधिकारी पद पर चयनित होना न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। सुमित के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## विधायक ने नामित सभासदों व पदाधिकारियों को दी बधाई,नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहांगीराबाद।** नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद के लिए शासन द्वारा नामित किए गए पांच सभासदों व दो जिला कार्यकारिणी सदस्यों के सम्मान में बुधवार को नगर पालिका के नवीन सभागार में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने सभी नामित सभासदों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी नामित सभासद नगर के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सभासद अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे।

शासन द्वारा रिंकू राणा, संजय लोधी, प्रदीप दीक्षित, वेदप्रकाश अग्रवाल (विष्णु बाबा) एवं मुकेश पंवार को सभासद पद पर नामित किया गया है। इनके स्वागत हेतु नगरपालिका के नवीन मीटिंग हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक ने भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष रामपाल सिंह लोधी एवं रिंकू राणा को जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाए जाने पर भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नामित सभासद संजय लोधी निजी कारणों के चलते उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## रोड़ी से भरा डंपर पलटा, सड़क किनारे सो रहे चार मजदूर दबे, दो की मौत, दो गंभीर घायल, हायर मेडिकल सेंटर रैफर







वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के खबरा रोड पर मुबारकपुर के समीप रोड़ी (गिट्टी) से भरा डंपर पलटने के कारण सड़क किनारे सो रहे चार मजदूर दब गए जिसमे दो मजदूरों की मौके पर हीं मौत हो गई, और दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें खुर्जा नगर के जटिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। और मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोचार्री हाउस भेजा गया।

खुर्जा के खबरा रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा रोड बनाने का कार्य चल रहा था जहां पर बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे (गिट्टी) रोड़ी से भरे डंपर को बैक करते समय डंपर की कमानी टूट गई जिसके कारण वह पलट गया और दर्दनाक हादसा हो गया जिसके नीचे सड़क के किनारे सो रहें चार मजदूर दब गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से मजदूरों को बाहर निकाला जिसमें दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान राकेश (30) पुत्र राजेंद्र और पवन (35) पुत्र बनवारी लाल गांव रहीम कोर्ट डिबाई बुलंदशहर के रूप में हुई है। जो रात ही मजदूरी पर आए थे। और दो मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कारवाही में जुटी गई।

## बुलंदशहर एकादश ने जीता फाइनल मुकाबला



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर यमुनापुरम स्टेडियम में जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के तत्वावधान में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूनामेंट का खिताब बुलंदशहर इलेवन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में बुलंदशहर इलेवन ने एसएनएस एकेडमी को 20 रन से हराया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बुलंदशहर इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 166 रन बनाए। टीम के लिए हर्षित ने 62 रन की शानदार पारी खेली, जबकि राघव ने 51 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन दोनों बल्लेबाजों की पारियों से टीम ने एक मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएनएस एकेडमी की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 146 रन ही बना सकी। एसएनएस एकेडमी की ओर से देव रजौरा ने सर्वाधिक 53 रन बनाए, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। बुलंदशहर इलेवन के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को लक्ष्य तक पहुंचने नहीं दिया। मैच के समापन पर बुधवार शाम करीब पांच बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संतोष बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष हितेश गर्ग और कुलदीप चौधरी ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में 'भारतीय जनता सुरक्षा फाउंडेशन' के तत्वाधान में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. सुबिन भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं। आप कड़ी मेहनत कर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनें और अपने परिवार, विद्यालय व क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें। विद्यालय के प्रबंधक ललित शर्मा

## सच्चाई और जनहित को सर्वोपरि रखना ही एक पत्रकार का धर्मः घनश्याम पाठक

संदीप तिवारी



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** चंदौलीपत्रकार प्रेस क्लब चंदौली इकाई की और से बुधवार को अपराहन पत्रकार प्रेस क्लब चंदौली के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में आई कार्ड वितरण सम्मान समारोह का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। आई कार्ड वितरण सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पत्रकार प्रेस क्लब के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि लेखनी समाज का आईना होती है। एक सच्चा पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से जनभावनाओं को व्यक्त करता है और सत्ता व समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को हमेशा निष्पक्षता, ईमानदारी और निर्भीकता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता चुनौतियों से भरी हुई है, लेकिन इसके बावजूद सच्चाई और जनहित को सर्वोपरि रखना ही एक पत्रकार का धर्म है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों से उन्होंने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पत्रकार प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष चंदौली आशुतोष तिवारी ने मुख्य अतिथि पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकार प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों को संगठित करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। श्री तिवारी ने बताया कि आई कार्ड वितरण से पत्रकारों को एक पहचान मिलेगी और उनके कार्य में सुविधा भी होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों को आई कार्ड वितरित किए गए तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# व्यापार मंडल व के0एन0 मोदी कॉम्पलेक्स के व्यापारियों द्वारा टैक्स का विरोध किया

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** के०एन० मोदी कॉम्पलेक्स पर लगाये गये 2018 से 2026 तक के टैक्स का विरोध पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल व के०एन० मोदी कॉम्पलेक्स के व्यापारियों द्वारा किया गया। इसमें मुख्य रूप से व्यापारियों का कहना था कि नगर पालिका द्वारा उनका उत्पीडन किया जा रहा है।



क्योंकि किसी भी किरायेदार पर हाऊस टैक्स नहीं लगाया जा सकता एवं दुकानो के पीछे की जगह जो दुकानदारो ने लीज पर ली हैं। उस पर भी हाऊस टैक्स 2018 से लगाया है। जबकि उनका निर्माण 2023 व 2024 के बाद किया गया है।

उपरोक्त उत्पीड़न के सन्दर्भ में सभी सभासद व चैयरमैन विनोद वैशाली से वार्ता की गई व उपरोक्त समस्या सुनने के बाद चैयरमैन विनोद वैशाली व सभासदो ने स्वीकार किया यह व्यापारियो के साथ गलत हुआ है व आश्वासन दिया कि के०एन० मोदी कॉम्पलेक्स के दुकानदारो पर यह टैक्स नहीं लगेगा व दुकानो के पीछे की जगह पर जो निर्माण हुआ है उस पर टैक्स पीछे के हिसाब से लगेगा इसके लिए बैनामा /अथवा लीज एग्रीमेन्ट के 12 महीने बाद से लगेगा व इसके लिए नगर पालिका से सर्वे कराया जायेगा। किस दुकान का लीज एग्रीमेन्ट कब हुआ है एवं पुराने नोटिस को निरस्त करके दोबारा बनाया जाएगा।

इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष स्वदेश जैन, जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी, मण्डलीय अध्यक्ष प्रदीप बोस व शहर अध्यक्ष महराम चन्देला उनकी कार्यकारिणी सदस्य व के०एन० मोदी कॉम्पलेक्स के सभी व्यापारी मौजूद रहें।

# ब्राह्मण महासभा द्वारा हिंदू नव वर्ष पंचांग का विमोचन किया

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा हिंदू नव वर्ष पंचांग का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा , राष्ट्रीय महामंत्री पंडित शिवमोहन भारद्वाज ,राष्ट्रीय सचिव हुकमचंद शर्मा, गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष बुद्धप्रकाश शर्मा , युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा , प्रदेश सचिव कुवरपाल शर्मा , मेरठ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ,मंडल उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी मेरठ,जय भगवान शर्मा एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पंचांग का विमोचन किया गया ।



इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा के सुपौत्र का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया ।सभी को हिंदू नव वर्ष का पंचांग वितरित किया गया, इस अवसर पर सभी ने महासभा की भूरि भूरि प्रशंसा की।

शिव मोहन भारद्वाज ने बताया कि महासभा प्रतिवर्ष हिंदू नव वर्ष पर पंचांग का निशुल्क वितरण करती है। यह पंचांग समाज में जगह-जगह वितरित किए जाएंगे और उन्हें तिथि एवं पर्वों की संपूर्ण जानकारी हो सके आज से यह पंचांग वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

## राजस्थान प्रवासी महासंघ में नई जिम्मेदारी, स्थापना दिवस पर भव्य स्वागत

एनसीआर। राजस्थान प्रवासी महासंघ, दिल्ली में सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर कानसिंह राजपुरोहित गुरड़ाई की नियुक्ति से समाज में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस निर्णय को उनके लंबे सामाजिक योगदान और समाज के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद समाज के लोगों ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए उनका भव्य स्वागत किया। राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कानसिंह राजपुरोहित का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में फूलों के गुलदस्तों, ढोल–नगाड़ों और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सव में बदल गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ और सम्मानित लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एमआईटी में 33 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चेक वितरित, चेहरों पर दिखी खुशी




वेलकम इंडिया संवाददाता

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एमआईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने 33 चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए।यह छात्रवृत्ति पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देकर उनकी शिक्षा को सुगम बनाना है। इस वर्ष बीटेक के 19, बी फार्मा के 2, बीबीए के 3 तथा बीसीए के 9 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में यह अनुभव किया गया कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की स्थापना की गई, जो निरंतर जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रिया चौधरी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. गौरव शर्मा एवं अजय चौधरी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## डॉ देवराज शर्मा को भाजपा आईटी का जिला संयोजक बनाया गया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति उपरांत जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह ने जिला कार्यसमिति की घोषणा की है। जिसमें मोदीनगर से डॉक्टर देवराज शर्मा को भाजपा आईटी का जिला संयोजक बनाया गया है।

भाजपा के कार्यकताओं ने डॉ देवराज शर्मा को आईटी का जिला संयोजक बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और कहा है की जिला कार्यसमिति में उन्हें जिम्मेदारी मिलने पर संगठन और मजबूत होगा।

# एन एस एस शिविर के छठे दिन विविध जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विविध जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रार्थना, ड्रिल एवं योग सत्र से हुई, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।



सभी स्वयंसेवक अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ निर्धारित शिविर स्थलों पर पहुंचे, जहां जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अंधविश्वास, साइबर फ्रॉड आदि विषयों पर प्रभावी संदेश दिए, जिसे ग्रामीणों ने सराहा।

जागरूकता अभियान के पश्चात सभी स्वयंसेवक शिविर कार्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, गदाना में एकत्रित हुए, जहां समापन दिवस पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का अभ्यास किया गया। इसके उपरांत फूड कमेटी के निर्देशन में सभी स्वयंसेवकों को दोपहर का भोजन कराया गया।

दोपहर बाद आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल के वरिष्ठ स्वयंसेवक अमन कुमार एवं शिखा कुमारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता नितेश शर्मा ने दैनिक जीवन में सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अमित नेहरा ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात आयोजित समीक्षा बैठक में अगले दिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमर सिंह कश्यप, डॉ. राज कुमार, डॉ. कोमल गुप्ता एवं डॉ. शिवांगी त्रिवेदी ने स्वयंसेवकों को आगामी समापन कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आतंकी साजिश का पदार्फाश, 150 युवकों के स्लीपर सेल का खुलासा

गाजियाबाद। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को समय रहते विफल करते हुए गाजियाबाद में सक्रिय स्लीपर सेल का पदार्फाश किया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद द्वारा देश में 150 से अधिक युवकों को जोड़कर बड़े हमलों की योजना बनाई जा रही थी। यह नेटवर्क वाट्सएप समूहों के माध्यम से संचालित हो रहा था, जिसमें युवकों को अलग–अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई थीं। जांच में सामने आया है कि इस स्लीपर सेल के सभी सदस्य सीधे हैंडलरों के संपर्क में नहीं थे। केवल छह आरोपितों में से सुहेल और प्रवीण ही सीधे संपर्क साध सकते थे। सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी मिली है कि इन युवकों को एके–47 जैसे घातक हथियार उपलब्ध कराने की योजना थी। साथ ही आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान से आतंकी कश्मीर के रास्ते दिल्ली तक पहुंचाए जाने वाले थे, जिनका लक्ष्य भीड़भाड़ वाले स्थानों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना था। जांच एजेंसियों के अनुसार इससे पहले भी इसी संगठन ने फरीदाबाद स्थित एक विश्वविद्यालय में डॉक्टरों के माध्यम से आतंकी नेटवर्क खड़ा किया था।

# एलपीजी गैस सिलेंडर समय से उपलब्ध नहीं होने पर लोगों ने जताया रोष



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** तहसील क्षेत्र के गांवो में एलपीजी गैस सिलेंडर समय से उपलब्ध नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के कार्यकर्ताओ एवं लोगों ने रोष जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन से समय से रसोई गैस उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि रसोई गैस लेने के लिए एजेंसीओ पर लंबी-लंबी कतारे लगी हुई है महिलाओं को चूल्हा जलाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ घरों में तो दोबारा से लकड़ी उपले का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है ।कुछ ग्रामीणों का कहना है गैस सिलेंडर की कालाबाजारी जोरों पर है। गैस सिलेंडर की सप्लाई घरों में नहीं हो पा रही है ।जगह-जगह लोग सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं। नगर पंचायत निवाड़ी में सुबोध त्यागी के मकान पर गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग व सप्लाई व कालाबाजारी के खिलाफ ग्रामीणों ने रोष जताया।

रोष जताने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, नामित सभासद रजनीश त्यागी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष संजीव त्यागी, पूर्व सभासद व पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी, एडवोकेट जितेंद्र त्यागी, पूर्व सभासद अनुज त्यागी, मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, किसान सुबोध त्यागी, किसान अंकित त्यागी, बुद्ध प्रकाश, बिट्टू त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# पासपोर्ट कार्यालय में मुफ्त दंत जांच शिविर से सैकड़ों को राहत, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी नि:शुल्क सेवाएं

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आमतौर पर पासपोर्ट सेवाओं से जुड़े कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में इस बार एक अलग और सराहनीय पहल देखने को मिली, जब यहां स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से मंगलवार को पासपोर्ट सेवा केंद्र साहिबाबाद तथा बुधवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल ने न केवल कार्यालय में आने वाले लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से सीधे परामर्श का अवसर भी प्रदान किया। इस दो दिवसीय शिविर के दौरान द्धुञ्ज्स डेंटल कॉलेज के अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बड़ी संख्या में लोगों की दंत जांच की। शिविर में कार्यालय के कार्मिकों के साथ-साथ पासपोर्ट के लिए आए आवेदकों, सफाई मित्रों, सुरक्षा कर्मियों और अन्य सहयोगी कर्मचारियों को निःशुल्क जांच और परामर्श सेवाएं दी गईं। इसके अलावा,




आसपास के विभिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने भी इस शिविर का लाभ उठाया। डॉक्टरों ने न केवल दांतों की जांच की, बल्कि जरूरतमंद लोगों को आगे के उपचार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

शिविर का एक महत्वपूर्ण पहलू दंत स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता कार्यशाला रही, जिसमें विशेषज्ञों ने लोगों को दांतों की सही देखभाल, स्वच्छता बनाए रखने के तरीके और सामान्य दंत समस्याओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान यह भी बताया गया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां किस तरह गंभीर दंत समस्याओं में बदल सकती हैं और नियमित जांच से इनसे कैसे बचा जा सकता है। उपस्थित लोगों ने इस सत्र को बेहद उपयोगी बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की। इस अवसर पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा ने बताया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण दंत स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बाद में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने आईटीएस डेंटल कॉलेज की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना इस शिविर का सफल आयोजन संभव नहीं था। कॉलेज की टीम ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जो सराहनीय है। इस आयोजन ने यह भी साबित किया कि सरकारी कार्यालय केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभा सकते हैं। शिविर में शामिल लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं आमतौर पर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पातीं। निःशुल्क जांच और विशेषज्ञ सलाह मिलने से उन्हें काफी लाभ हुआ है। कई लोगों ने बताया कि वे लंबे समय से दंत समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे थे, लेकिन इस शिविर के माध्यम से उन्हें समय पर परामर्श मिल सका। कुल मिलाकर, यह दंत जांच शिविर न केवल एक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम था, बल्कि यह एक जागरूकता अभियान के रूप में भी सफल रहा। इसने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता और नियमित जांच बेहद जरूरी है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिलता रहेगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दायरा और व्यापक होगा।

# श्रमिक नेता एवं समाजसेवी स्व. मुलतान शर्मा नेता जी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** पूर्व पालिका अध्यक्ष रामआसरे शर्मा द्वारा आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में काफी संख्या में शहर वासियों ने उपस्थित होकर श्रमिक नेता एवं समाजसेवी स्वर्गीय मुल्तान शर्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वरकर्स कल्ब कपड़ा मिल सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित राम आसरे शर्मा सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित राम आसरे शर्मा,योगेंद्र बल्हारा,सत्येंद्र त्यागी, सत्येंद्र तोमर ने स्वर्गीय मुल्तान शर्मा के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सरल स्वभाव और सबसे खुश होकर मिलना आज लोगों को याद आ रहा है। उन्होंने अपने जीवन में बड़ी सादगी से मजदूर एवं समाज के लिए कार्य किए जो आज भी लोग याद करते हैं । सभी ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज,पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, उद्यमी राज ढींगरा, डॉ मुकेश गर्ग, सत्येंद्र त्यागी प्रदीप बॉस, समय सिंह सिसोदिया,देवेंद्र चौधरी जितेंद्र चित्तौड़ा ,राजन चौधरी, अमित चौधरी,सुधीर चौधरी, सत्येंद्र तोमर, ललित सेन,मयंक शर्मा, राजेश शर्मा, ईश्वर दयाल शर्मा, मांगेराम वशिष्ठ, मुकेश शर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में नगरवासी थे।

# महामाया देवी मेले की तैयारियां पुलिस प्रशासन ने की पूरी

## मेला परिसर में 120 सीसीटीवी कैमरे लगाए व 500 पुलिस कर्मियों की की गई तैनाती

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** नवरात्रों में निकटवर्ती गांव सीकरी खुर्द में लगने वाले प्रसिद्ध सीकरी महामाया मेले की तैयारियां पुलिस प्रशासन ने पूरी कर ली है। मेला परिसर में 120 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और 500 पुलिस कर्मियों की तैनाती फिलहाल की गई है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर पुलिस कर्मियों की तैनानी बढ़ाई जा सकती है।

बुधवार को पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने मेला परिसर में पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। मेले में तैनात पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए।



महामाया देवी मेला गुरुवार से शुरू हो जाएगा। नौ दिन चलने वाले यह मेला परिसर छठे नवरात्र से अष्टमी तक श्रद्धालुओं से खचाखच भर जाता है। दिल्ली-एनसीआर के अलावा विभिन्न राज्यों उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात्रि में मेला परिसर में डेरा डालते है और अलसुबह माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाते हैं। पहले मेले की व्यवस्था ग्राम पंचायत सीकरी खुर्द करती थी, लेकिन परिसीमन के बाद गांव नगर पालिका परिषद में सीमा क्षेत्र में शामिल हो गया। इसीलिए अब नगर पालिका परिषद मेले का आयोजन करती हैं।

बुधवार को पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए रास्तों को जायजा लिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकासी द्वार अलग-अलग बनाए गए हैं। सीकरी रोड पर रेलवे फाटक के निकट बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी शिफ्टों में तैनात रहेंगे। मेला परिसर में ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्र ने बताया कि पांच ड्रोन कैमरों से भी मेले की निगरानी भी की जाएगी। पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने बताया कि मेले परिसर में पांच पार्किंग बनाई गई है। पार्किंग स्थल में तीन घंटे तक वाहन खड़ी करना फ्री रहेगा।

# ईद-उल-फितर से पहले कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक, शांति बनाए रखने की अपील

अरुण मिश्रा

**गाज़ियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली नगर क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती उपासना पाण्डेय की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान आगामी त्योहार के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने पर विशेष जोर दिया गया।



सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती उपासना पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

इसके अलावा, यातायात व्यवस्था, बाजारों में भीड़ नियंत्रण और धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने का संकल्प लिया।

अंत में, पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं और क्षेत्र में भाईचारे की मिसाल कायम करें।

# सीनियर सिटीजन के घर लूट का प्रयास, विरोध करने पर पिता-पुत्र पर हमला

## तमंचे की बट से मारकर किया घायल, फायरिंग करते हुए फरार हुए बदमाश

अरुण मिश्रा

**गाज़ियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना कविनगर क्षेत्र के गोविंदपुरम में रविवार देर रात लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाशों ने सीनियर सिटीजन और उनके पुत्र पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि तीन दिन बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित महेंद्र सिंह, जो सेंट्रल सिविल सर्विस के पी एंड टी अकाउंट एंड फाइनेंस विभाग से वर्ष 1981 बैच के रिटायर्ड कर्मचारी हैं, गोविंदपुरम ए-336 में अपने परिवार



के साथ रहते हैं। रविवार रात करीब 11:55 बजे पांच अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस आए। बताया जा रहा है कि बदमाश लूट की नीयत से आए थे और घर में घुसते ही सामान खंगालने लगे। इसी दौरान महेंद्र सिंह के पुत्र सिद्धार्थ



सिंह ने बदमाशों का विरोध किया। विरोध होते देख बदमाशों ने हिंसक रुख अपना लिया और तमंचे की बट से पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास

**● नहीं हो रही है सुनवाई, एफआईआर न होने से परिजनों में आक्रोश**

के लोग जुटने लगे, जिसके बाद बदमाश मौके से भागने लगे। बताया गया कि भागते समय बदमाशों ने फायरिंग भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि इस दौरान कोई अन्य व्यक्ति घायल नहीं हुआ। बदमाश घर से एक चांदी की मूर्ति और कुछ नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद घायल सिद्धार्थ सिंह किसी तरह घर से बाहर निकले और शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों का कहना है कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। तीन दिन बीतने के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने से परिवार में आक्रोश है। उनका आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इलाके में पहले भी चोरी और लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की गश्त और निगरानी पर्याप्त नहीं है। फिलहाल पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। वहीं, पुलिस की ओर से इस मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार है।

# रेजिडेंशियल जोन में 'कमर्शियल माफिया' का कब्जा! क्या उपाध्यक्ष की नजरों से दूर खड़ा हो रहा अवैध साम्राज्य?

## बिना सेटबैक, बिना मानचित्र- फिर भी खड़ी हो गई कई मंजिलें, सिस्टम पर सवाल






अरुण मिश्रा

**गाज़ियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के विजय नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण का खेल अब खुलकर सामने आ रहा है। रेजिडेंशियल एरिया में नियमों को ताक पर रखकर तेजी से कमर्शियल निर्माण किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है।

मौके की स्थिति चौंकाने वाली है–बेसमेंट के लिए जरूरी साइड सेटबैक तक नहीं छोड़ा गया, फिर भी उसी के ऊपर तीन मंजिल का निर्माण खड़ा कर दिया गया है। अब पांचवीं मंजिल के लिए सरिया का ढांचा भी तेजी से तैयार किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि साइट पर न तो कोई स्वीकृत मानचित्र का बोर्ड लगा है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन दिखाई दे रहा है।

सबसे बड़ा सवाल अब नंदकिशोर कलाल, उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तक पहुंचता है क्या इतने बड़े अवैध निर्माण की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है?

स्थानीय स्तर पर जेई, एई और एक्सईएन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बिना विभागीय स्तर पर ढील या मौन सहमति के इस स्तर का निर्माण संभव नहीं माना जा रहा। पहले भी ऐसे कई मामलों में सिर्फ औपचारिक कार्रवाई कर बड़े निमार्णों को बचा लिया गया, जिससे बिल्डरों के हौसले बुलंद हैं।

स्थानीय लोगों में डर और नाराजगी दोनों है। उनका कहना है कि अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह अवैध निर्माण किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है।

अब देखना यह होगा कि उपाध्यक्ष स्तर से इस मामले पर क्या संज्ञान लिया जाता है क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा?

# दयानंद पार्क आरडब्ल्यूए चुनाव निरस्त, डिप्टी रजिस्ट्रार का बड़ा फैसला

## धोखाधड़ी व अनियमितताओं के आरोपों के बाद 30 मार्च 2025 का पूरा चुनाव परिणाम रद्द, एक माह में दोबारा होंगे चुनाव

कपिल चौहान


**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** साहिबाबाद के शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 स्थित दयानंद पार्क आवासीय विकास समिति (आरडब्ल्यूए) के चुनाव को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद ने 30 मार्च 2025 को घोषित चुनाव परिणाम को त्रुटिपूर्ण मानते हुए पूरी कार्यकारिणी को निरस्त कर दिया है और नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश जारी किए हैं।

कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश के अनुसार दयानंद पार्क आवासीय विकास समिति, प्लॉट नंबर एस-9/बी-1, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1, साहिबाबाद वर्ष 2008 में सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत संस्था है। संस्था की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए 19 दिसंबर 2024 को निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया था। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 30 मार्च 2025 को चुनाव परिणाम घोषित कर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था।

इस दौरान अभिषेक श्रीवास्तव ने स्वयं को संस्था का अध्यक्ष बताते हुए वर्ष 2025-26 की प्रबंध समिति का पंजीकरण कराने के लिए 18 अगस्त 2025 को कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किया। इसी बीच पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने 23 मई 2025 को शिकायत दर्ज कराते हुए निर्वाचित उम्मीदवारों की मतदाता सूची और



फ्लैट अभिलेखों में पते अलग-अलग होने की बात कहते हुए जांच की मांग की।


कार्यालय
डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स,
प्लाट खसरा नं0 -119, गुलधर, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद।
आदेश

कार्यालय स्तर पर अभिलेखों और दस्तावेजों की गहन जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के बाद श्री सुमन कुमार झा, श्री उम्मेद भंडारी और श्री रविंद्र जैन को अयोग्य घोषित किया गया। वहीं नवनीत भारती का नाम भी अंतिम मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाए जाने के कारण उनका चुनाव भी निरस्त कर दिया गया।

चार सदस्यों का निर्वाचन निरस्त होने के बाद कुल 10 निर्वाचित सदस्यों में से केवल छह सदस्य ही शेष रह गए। जबकि सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत किसी भी संस्था के लिए न्यूनतम सात सदस्यों का होना अनिवार्य है। इसके अलावा मतदाता सूची में भी त्रुटियां पाए जाने से पूरे चुनाव परिणाम पर संदेह की स्थिति उत्पन्न हो गई।

इन परिस्थितियों को देखते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव कुमार ने 30 मार्च 2025 के निर्वाचन परिणाम को निरस्त करते हुए पुनः चुनाव कराने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद को नया निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो पंजीकृत बायलॉज के अनुसार एक माह के भीतर कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराएंगे।

साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि नई कार्यकारिणी के गठन तक वर्तमान प्रबंध समिति केवल दैनिक आवश्यक कार्य ही करेगी और किसी भी प्रकार के नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेगी। इसके अतिरिक्त निर्वाचन संपन्न होने तक अन्य सभी खर्चों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

प्रशासन के इस फैसले के बाद दयानंद पार्क क्षेत्र में आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है और अब सभी की निगाहें आगामी नए चुनाव पर टिकी हुई हैं।

# मधुबन बापूधाम योजना की नीलामी से जीडीए को लगभग 98 करोड़ की आय

अरुण मिश्रा

**गाज़ियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा मधुबन बापूधाम योजना के अंतर्गत आयोजित भूखण्डों की नीलामी में प्राधिकरण को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर में आयोजित इस नीलामी प्रक्रिया में तीन प्रमुख भूखण्डों की बिक्री से लगभग 97.98 करोड़ रुपये की संभावित आय प्राप्त हुई है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित इस नीलामी में पॉकेट-अ, इ एवं उ में स्थित रिक्त व्यवसायिक एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों को शामिल किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान निवेशकों और विकासकताओं की





उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली, जिससे प्रतिस्पर्धी बोली लगने के कारण प्राधिकरण को अच्छा राजस्व प्राप्त हुआ। नीलामी के परिणामों के अनुसार, पॉकेट-अ में स्थित एक ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड की नीलामी से लगभग 79.29 करोड़ रुपये की सर्वाधिक आय प्राप्त हुई। वहीं, पॉकेट-इ के एक व्यवसायिक भूखण्ड से करीब 10.81 करोड़ रुपये और पॉकेट-उ के एक व्यवसायिक भूखण्ड से लगभग 7.86 करोड़ रुपये की आय सुनिश्चित हुई। इस प्रकार कुल तीन भूखण्डों की नीलामी से जीडीए को करीब 97.98 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया गया। सभी नियमों और निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया, जिससे निवेशकों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस नीलामी से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग शहर के समग्र विकास में किया जाएगा। विशेष रूप से आधारभूत संरचना को मजबूत करने, नई विकास परियोजनाओं को गति देने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जाएगा। गौरतलब है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मधुबन बापूधाम योजना सहित अन्य योजनाओं में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्राधिकरण का उद्देश्य गाजियाबाद को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करना है।

# गाजियाबाद: मासूम से दरिंदगी के आरोपी पर पुलिस का एक्शन, मुठभेड़ में दोनों पैरों में लगी गोली

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में चार साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी गौरव प्रजापति को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया, जिसमें उसके दोनों पैरों में गोली लगी है।

बताया जा रहा है कि मासूम बच्ची घायल अवस्था में मिली थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में रेप के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी।

पुलिस जांच के दौरान थाना नंदग्राम में दर्ज मुकदमा संख्या 129/26 में आरोपी गौरव प्रजापति ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद खून से सने हाथों को एक रुमाल से



साफ किया और उसे घटनास्थल के पास



झाड़ियों में फेंक दिया।

### बरामदगी के दौरान मुठभेड़

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम जब घटनास्थल पर पहुंची, तभी उसने पहले से छिपाए गए अवैध हथियार से पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई।

### अवैध हथियार बरामद, अस्पताल में भर्ती

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल गाजियाबाद में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

# नवरात्रि को लेकर गाजियाबाद में श्रद्धा का माहौल, पूजन सामग्री की दुकानों पर उमड़ी भीड़

## पहले नवरात्र व्रत की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु, घर-घर में मां दुर्गा की पूजा की तैयारी

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शारदीय/चैत्र नवरात्र के आगमन को लेकर गाजियाबाद जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालु पहले नवरात्र व्रत की तैयारियों में जुटे नजर आए। बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ दिखाई दी, जहां भक्तजन कलश, नारियल, चुनरी, माता की तस्वीरें, धूप-दीप और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी करते दिखाई दिए।

जिले के कई बाजारों और प्रमुख स्थानों पर नवरात्रि को लेकर विशेष दुकानों की सजावट भी देखने को मिली। इन दुकानों पर माता रानी की चुनरी, नारियल, लौंग-इलायची, कलश, मिट्टी के दीपक और पूजा से





जुड़ी अन्य सामग्री की अच्छी खासी बिक्री हुई। श्रद्धालुओं ने बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री खरीदकर अपने घरों में नवरात्रि के पहले दिन से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की तैयारी की।

श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि का पर्व सनातन धर्म में विशेष महत्व रखता है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है और श्रद्धालु व्रत रखकर मां की आराधना करते हैं।

मान्यता है कि नवरात्रि के दौरान सच्चे मन से मां दुर्गा की उपासना करने से घर में सुख-समृद्धि और शांति आती है। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि नवरात्रि केवल व्रत और पूजा का पर्व ही नहीं बल्कि आस्था, संयम और भक्ति का प्रतीक भी है।

इस दौरान लोग नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का आवाहन करते हैं और पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर धर्म और संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाते हैं।

नवरात्रि को लेकर मंदिरों और घरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालु पहले नवरात्र से ही कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना शुरू करेंगे और पूरे नौ दिन तक भक्ति और श्रद्धा के साथ नवरात्र व्रत का पालन करेंगे। जिले भर में नवरात्रि को लेकर उत्साह और आस्था का वातावरण बना हुआ है।

# वेल्डिंग की चिंगारी से भड़की फैक्ट्री में आग, दमकल ने पाया काबू – बड़ा हादसा टला

कपिल चौहान

**लोनी (वेलकम इंडिया)।** बुधवार को समय लगभग 14:54 बजे फायर स्टेशन लोनी (ट्रॉनिका सिटी) को आर्य नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की दो गाड़ियां तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गईं।



मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने पाया कि 100 फुटा रोड स्थित नरेश इंडस्ट्रियल एरिया में करीब 300 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनी S.R. Steel Enterprises नामक फैक्ट्री में भीषण आग लगी हुई है। फैक्ट्री में मैरिज/बैंकेट हॉल के लिए फर्नीचर (टेबल, चेयर, खाने के काउंटर आदि) बनाने का कार्य किया जाता है। आग की वजह से टीन शेड का अस्थायी ढांचा गिर गया, जिससे आग नीचे दबे सामान में तेजी से फैल रही थी।

दमकल टीम ने तत्परता दिखाते हुए हौज पाइप फैलाकर मोटर फायर इंजन से पानी की बौछार कर आग पर काबू



पाना शुरू किया। साथ ही उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई, जिनके निर्देश पर टीला मोड़ थाना से एक अतिरिक्त फायर टेंडर भी भेजा गया। हालांकि, आग पर जल्द ही नियंत्रण पा लेने के कारण अतिरिक्त फायर टेंडर को रास्ते से ही वापस कर दिया गया।

फैक्ट्री स्वामी सोहेल अंसारी के अनुसार, आग लगने का कारण पास के भूखंड पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुई इलेक्ट्रिक वेल्डिंग की चिंगारियां थीं, जो ज्वलनशील सामग्री पर गिरने से आग भड़क उठी।

इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। करीब 16:30 बजे तक आग पूरी तरह बुझा दी गई। दमकल कर्मियों ने फैक्ट्री स्टाफ को आवश्यक सुरक्षा दिशा-निर्देश दिए और वापसी के दौरान लोनी तिराहे पर नगर पालिका के हाइड्रेंट से पानी भरकर फायर स्टेशन लौट गए।